website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 76 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## एआई समिट हंगामा, 5वां आरोपी एमपी से गिरफ्तार

- यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसीडेंट से भी की गई है पूछताछ
- आरोपी कृष्ण हरि की कार से मिली पीएम फेस वाली टीशर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने 5वीं गिरफ्तारी की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से यूथ कांग्रेस नेता जीतेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 2 और सदस्यों को हिरासत में लिया है। सोमवार को पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ



की है। ग्वालियर से हिरासत में लिए गए दो लोगों ने राजा गुर्जर और अजय कुमार के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ये सभी शर्टलैस प्रदर्शन में शामिल थे। वीडियो के जरिए इनकी पहचान की गई है। दिल्ली की तिलक नगर थाना ने यह एक्शन लिया है। सभी को दिल्ली लाया गया है। इस मामले में पुलिस गैर जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। 21 फरवरी को पटियाला कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 4 आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा था। दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर पीएम मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

## तेजस का ब्रेक फेल, रनवे से आगे निकला विमान

**लैंडिंग के दौरान हादसा, पायलट सुरक्षित; सेना ने सभी 30 विमान ग्राउंड किए**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) का हल्का लड़ाकू विमान तेजस लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकल गया। शुरुआती जांच में ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि घटना 7 फरवरी की है। जानकारी अब सामने आई है। विमान ट्रेनिंग उड़ान के बाद एयरबेस पर लौट रहा था। लैंड करते ही पायलट ने ब्रेक लगाने की कोशिश की। जब ब्रेक नहीं लगा तो विमान रनवे से बाहर निकल गया। दुर्घटना से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। विमान को नुकसान पहुंचा है।

हादसा किस एयरबेस पर हुआ, ये जानकारी सामने नहीं आई। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद, एयरफोर्स ने करीब 30 सिंगल-सीट तेजस जेट के पूरे बेड़े को टेक्निकल जांच के लिए ग्राउंड कर दिया। यानी जांच पूरी होने तक विमान उड़ान नहीं भरेंगे। हादसे पर आईएएफ की तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। तेजस जेट से जुड़ा यह तीसरा हादसा है। पहला हादसा मार्च 2024 में हुआ था, जब जैसलमेर के पास एक तेजस जेट क्रैश हो गया था।

दूसरा हादसा नवंबर 2025 में हुआ था जब दुबई एयरशो में एरियल डिस्प्ले के दौरान एक तेजस जेट क्रैश हो गया था। पिछले साल नवंबर में दुबई एयर शो में भारतीय वायुसेना का तेजस फाइटर जेट क्रैश हो गया था। हादसा अल मकतूम एयरपोर्ट पर जारी एयर शो में एक डेमो फ्लाइट के दौरान हुआ। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और हवाई अड्डे के ऊपर काले धुएं का गुबार देखा गया।

एयरफोर्स ने बताया कि हादसे में पायलट की भी मौत हो गई। जान गंवाने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले थे। राजस्थान के पोकरण में भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल तेजस फाइटर जेट मार्च 2024 में क्रैश हो गया था। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की यह पहली घटना थी।

## भोपाल में राहुल गांधी का हमला: 'ट्रेड डील से किसानों को नुकसान', केंद्र सरकार पर साधा निशाना



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार (24 फरवरी) को भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से किसानों को नुकसान हो सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि इस तरह के समझौतों से देश के किसानों के हित प्रभावित होंगे। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि संसद में राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उन्हें अपनी बात पूरी तरह रखने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने दावा किया कि इस बार पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका गया, जबकि यह परंपरा पहले से चली आ रही थी।

**चीन मुद्दे पर भी उठाए सवाल**

राहुल गांधी ने भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब में सीमा हालात का जिक्र किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब चीन के टैंक भारतीय सीमा के पास पहुंचे, तब सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए। राहुल ने कहा कि उन्होंने संसद में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया।


**ट्रेड डील को लेकर जताई चिंता**

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की ट्रेड डील नीति से बड़ी विदेशी कंपनियों को भारत के कृषि बाजार में प्रवेश मिल सकता है, जिससे सोयाबीन, कपास, मक्का और दाल जैसे उत्पादों के दाम प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त चर्चा के अमेरिका के साथ समझौते की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से पहले किसानों और विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा की जानी चाहिए।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अमेरिका लगा सकता है नया टैरिफ

*- भारत के निर्यात पर असर की आशंका*

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका जल्द ही "राष्ट्रीय सुरक्षा" के नाम पर कुछ नए उत्पादों पर भारी टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद यह कदम उठाया जा सकता है। प्रस्तावित टैरिफ में बड़ी बैटरियां, कास्ट आयरन, प्लास्टिक पाइप, इंडस्ट्रियल केमिकल, पावर ग्रिड और टेलीकॉम उपकरण जैसे सेक्टर शामिल हो सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार ये टैरिफ 1962 के ट्रेड कानून के सेक्शन 232 के तहत लगाए जा सकते हैं, जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात शुल्क बढ़ाने की अनुमति देता है। यदि यह टैरिफ लागू होते हैं तो भारत जैसे निर्यातक देशों पर इसका असर पड़ सकता है, खासकर मेटल, केमिकल और औद्योगिक उत्पादों के निर्यात पर, क्योंकि ये ग्लोबल सप्लाई चेन का अहम हिस्सा हैं। बताया जा रहा है



कि ये प्रस्तावित टैरिफ उस वैश्विक 15 फीसदी टैरिफ से अलग होंगे, जिसे ट्रंप प्रशासन ने सीमित अवधि के लिए लागू रखने का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले सेक्शन 232 का इस्तेमाल स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर, कार और ऑटो पार्ट्स पर शुल्क लगाने के लिए किया जा चुका है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा कि राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी कानूनी विकल्पों का उपयोग किया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नई जांच कब शुरू होगी और टैरिफ कब लागू किए जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नए टैरिफ लागू होते हैं तो भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है।

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले- मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं, सामना करूंगा

- जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप, वह हमारे गुरुकुल के नहीं

प्रयागराज/वाराणसी (एजेंसी)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की एफआईआर होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ



बैठक की। माना जा रहा कि वे गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे उनके गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं है, जहां भाजपा सरकार नहीं है, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए। रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची। वहां उस स्थान का निरीक्षण किया गया, जहां शंकराचार्य का शिविर लगा था। पुलिस ने शिविर के आने-जाने के रास्तों और आसपास के इलाके का नक्शा तैयार किया। दरअसल, 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। उन्होंने माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद 8 फरवरी को उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में केस दायर किया।

**जय मां काली...**

## वेस्ट बंगाल के लोगों के लिए पीएम मोदी का भावुक नोट



**कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पहली जीत दर्ज करने के लिए बीजेपी ने 'मिशन बंगाल' की रणनीति बनाने में जुटी है तो वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल चुनावों से पहले 'जय मां काली' उल्लेख करते हुए राज्य के मतदाताओं के लिए भावुक नोट साझा किया है।

पीएम मोदी के इन नोट के बाद ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी ने बंगाल चुनावों के लिए जय मां काली का नारा दे दिया है। पार्टी अभी तक मुख्य तौर पर 'जय श्री राम' का उद्घोष करती आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के लोगों के लिए लिखे नोट में बंगाल में कथित बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर चिंता जताई।

**जय श्री राम से अब जय मां काली कैंपेन का प्लान**

अभी तक बीजेपी की बंगाल कैंपेन में 'जय श्री राम' का नारा खास तौर पर शामिल था, जो उत्तरी और पश्चिमी भारत में बहुत पॉपुलर है। राजनीतिक हलकों में ऐसा माना जा रहा है कि 'जय मां काली' और 'जय मां दुर्गा' की तरफ बदलाव भगवा पार्टी की बंगाल के सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल के साथ और करीब से जुड़ने की कोशिश को दिखाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले दौरे में भी अवैध घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि बंगाल में अब बीजेपी जरूरी है। इससे पहले रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोलकाता में बीजेपी महिला मोर्चा की मीटिंग में अपने भाषण की शुरुआत मां दुर्गा की तारीफ करते हुए की। उन्होंने महिला सपोर्टर्स से कहा था कि अपनी इज्जत बचाने के लिए आपको अपने अंदर दुर्गा की शक्ति को जगाना होगा। कोई और आपके लिए यह नहीं करेगा।

## तिरुपति मंदिर के प्रसाद की क्वालिटी चेक पड़ेगी भारी

- खर्च होंगे करोड़ों, लैब में टेक्नोलॉजी का होगा इस्तेमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार जल्द ही तिरुमला में एक अत्याधुनिक खाद्य प्रयोगशाला शुरू करने जा रही है, ताकि प्रसाद और श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस सुविधा की एक खास विशेषता फ्रांस से 3.5 करोड़ रुपये की लागत से ई-टंग और ई-नोज मशीनों का आयात होगा। ये मशीनें घी की गुणवत्ता में होने वाले बेहद सूक्ष्म बदलावों का भी पता लगाने में सक्षम हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वाई. सत्य कुमार यादव ने बताया कि 25 करोड़ रुपये की लागत से यह प्रयोगशाला स्थापित की जा रही है, जिसमें प्रसाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले लगभग 60 कच्चे पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए उन्नत उपकरण लगाए जाएंगे। इनमें घी, काजू, किशमिश, बादाम, चना, चीनी, इलायची, हल्दी और मिर्च पाउडर शामिल हैं। गुणवत्ता में जरा-सी भी गिरावट इन मशीनों से पकड़ी जा सकती है।

## कैबिनेट ने 'केरल' का नाम 'केरलम' करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब 'केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026' राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत इस विधेयक पर विचार के लिए इसे केरल विधानसभा को भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद केंद्र सरकार संसद में राज्य का नाम बदलने के लिए विधेयक पेश करेगी। दरअसल, केरल विधानसभा ने 24 जून 2024 को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य का नाम 'केरल' से 'केरलम' करने की मांग की थी। प्रस्ताव में कहा गया कि मलयालम भाषा में राज्य का पारंपरिक नाम 'केरलम' है, जबकि संविधान की पहली अनुसूची में राज्य का नाम 'केरल' दर्ज है। इसलिए नाम को स्थानीय भाषा और ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए। भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के तहत 1 नवंबर 1956 को केरल राज्य का गठन हुआ था, जिसे हर साल 'केरल पिरवी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राज्य सरकार ने संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन कर नाम परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध केंद्र से किया था। गृह मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर विचार करने के बाद कानून और न्याय मंत्रालय से राय ली, जिसने नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर सहमति दे दी। अब अंतिम फैसला संसद द्वारा कानून पारित होने के बाद लागू होगा।

## ग्लोबल टूरिज्म 2026, दुनिया को मिलेंगे 4 सबसे भव्य म्यूजियम

- लॉस एंजिलिस में 'स्पेसशिप', अबू धाबी में कांच के पुल पर गैलरी के साथ बेल्जियम में दिखेगा कार फैक्ट्री म्यूजियम



लंदन (एजेंसी)। वर्ष 2026 वैश्विक संस्कृति और पर्यटन के लिए बेहद खास होने वाला है। अमेरिका के लॉस एंजिलिस से लेकर मध्य एशिया तक दुनिया के चार सबसे प्रतीक्षित म्यूजियम खुलने जा रहे हैं। ये प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केंद्र न केवल शहरों की स्काईलाइन बदलेंगे, बल्कि पर्यटन को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इनमें हॉलीवुड निर्देशक जॉर्ज लुकास का 9 हजार करोड़ रु. का नैरेटिव आर्ट म्यूजियम भी शामिल है।

### अमेरिका- यूएफओ जैसा म्यूजियम

लॉस एंजिलिस (अमेरिका) के एक्स पोजिशन पार्क में बन रहा यह म्यूजियम सितंबर तक खुलेगा। 11 एकड़ में फैले परिसर की लागत लगभग 9 हजार करोड़ रु. है। इसका आकार उड़न तश्तरी (यूएफओ-स्पेसशिप) जैसा है। इसमें हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वॉर्स' के असली प्रॉप्स सहित 40 हजार कलाकृतियां होंगी।

### अबू धाबी-कांच के पुलों पर गैलरियां

धातु की चादरों से बना है यह गुगेनहाइम अबू धाबी म्यूजियम यूएई के सादियात द्वीप पर बन रहा है। यहां कांच के पुलों पर गैलरियां बनाई गई हैं। इसकी लागत लगभग 9 हजार करोड़ रु. है। इसे आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने धातु की चादरों और पाल जैसा डिजाइन किया। यहां जैक्सन पोलक जैसे कलाकारों की कलाकृतियां दिखाई जाएंगी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा का यह ड्रीम प्रोजेक्ट शिकागो के साउथ साइड में बन रहा है, जो जून 2026 में खुलेगा। 6350 करोड़ रु. की लागत है। इसकी बड़ी खासियत वाइट हाउस के 'ओवल ऑफिस' (राष्ट्रपति का मुख्य दफ्तर) की हूबहू प्रतिकृति होगी। ये 8 मंजिला इमारत ग्रेनाइट पत्थर से बनी है।

**बेल्जियम-कार फैक्ट्री म्यूजियम बनी-** बेल्जियम के ब्रसल्स में बन रहा यह कनाल-पॉम्पिडू म्यूजियम नवंबर तक खुलेगा। इसे 40 हजार वर्ग मीटर में फैली 1930 के दशक की कार फैक्ट्री को आधुनिक रूप देकर बनाया गया है। यहां पाब्लो पिकासो और हेनरी माटिस जैसे महान चित्रकारों की 350 से ज्यादा कलाकृतियां रखी जाएंगी। यह पुराने औद्योगिक भवनों को नया रूप देगा।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय....

## भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की राह

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति को अवैधानिक करार देने के उपरांत भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार वार्ता टलने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह यह कहा कि फिलहाल टैरिफ में बदलाव को लेकर कुछ कहना कठिन है, उससे इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता कि अमेरिका से व्यापार समझौता कब होगा?

जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने एवं रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म करने की घोषणा की थी और उसके बाद दोनों देशों की ओर से व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया था तो माना जा रहा था कि मार्च में यह समझौता हो जाएगा।

फिर मार्च के स्थान पर अप्रैल में समझौता होने की संभावना व्यक्त की गई, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चिढ़े ट्रंप की ओर से सभी देशों पर पहले 10 और फिर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद व्यापार समझौते को लेकर संशय पैदा हो गया है। फिलहाल न तो यह कहा जा सकता है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता कब होगा और न ही यह कि इस समझौते की टैरिफ दरें क्या होंगी?

यह ठीक है कि वाणिज्य मंत्रालय बदले हालात की समीक्षा कर रहा है, लेकिन बहुत कुछ ट्रंप प्रशासन के रवैये पर निर्भर करेगा, जिसके स्थिर रहने का ठिकाना नहीं। इन स्थितियों में भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति प्रदान करे। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ आदि के साथ जो व्यापार समझौते हो चुके हैं, उन्हें अंतिम रूप देने का काम यथाशीघ्र किया जाए। यह सही है कि भारत समेत अन्य देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है और उसके साथ व्यापार समझौता भारतीय कारोबारियों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के हित में है, लेकिन भारत को अपने उत्पादों एवं सेवाओं की खपत के लिए अन्य विकल्प तलाशने का काम प्राथमिकता के आधार पर करते रहना चाहिए। इसमें इसलिए ढील देना उचित नहीं होगा कि अंततः अमेरिका से व्यापार समझौता होना ही है।

# साइलेंट को-वर्किंग स्पेस का बढ़ता ट्रेंड



जयपुर/खास खबर। पिछले कुछ वर्षों में वर्क फ्रॉम होम (WFH) की संस्कृति ने कामकाजी दुनिया की परिभाषा बदल दी है। शुरुआत में इसे एक बड़ी आजादी के रूप में देखा गया—ट्रैफिक के अंतहीन जाम से मुक्ति, ऑफिस के सख्त ड्रेस कोड का झंझट खत्म और अपने आरामदायक सोफे पर बैठकर काम करने की सुविधा। लेकिन समय बीतने के साथ इस 'आजादी' का एक स्याह पक्ष भी सामने आया है, जिसे मनोवैज्ञानिक 'डिजिटल आइसोलेशन' या सामाजिक अकेलापन कह रहे हैं। आज स्थिति यह है कि जूम कॉल्स, गूगल मीट और स्लैक मैसेज की भरमार तो है, लेकिन दिन के 8 से 10 घंटे अक्सर एक ही बंद कमरे में लैपटॉप की स्क्रीन के सामने चुपचाप बीत जाते हैं। इसी मानसिक खालीपन और सामाजिक दूरी को खत्म करने के लिए अब 'साइलेंट को-वर्किंग स्पेस' का एक ग्लोबल ट्रेंड तेजी से भारत के बड़े शहरों में पैर पसार रहा है।

क्या है साइलेंट को-वर्किंग? साथ बैठना है जरूरी, पर बात करना नहीं इस नए मॉडल का सिद्धांत बेहद सरल और प्रभावी है। यह उन लोगों के लिए है जो घर पर अकेले काम करके ऊब चुके हैं, लेकिन ऑफिस के शोर-शराबे और गॉसिप से भी बचना चाहते हैं। लोग अपना लैपटॉप और हेडफोन लेकर एक साझा स्थान (Co-working space) पर पहुंचते हैं। वहां अपनी सीट चुनते हैं और बिना किसी से बात किए अपने काम में जुट जाते हैं। यहाँ 2 से 3 घंटे के विशेष 'साइलेंट सेशन' चलाए जाते हैं। इस दौरान मोबाइल साइलेंट पर रखने और बातचीत न करने के सख्त नियम होते हैं। सत्र के बीच में 10-15 मिनट का छोटा ब्रेक दिया जाता है, जिसमें लोग कॉफी, पानी या हल्की स्ट्रेचिंग के लिए साथ आते हैं। कई जगहों पर इसे 'वर्क जैम' या 'फोकस स्प्रिंट' जैसे आधुनिक नामों से भी प्रमोट किया जा रहा है।

मनोवैज्ञानिक पहलू: क्यों सफल हो रहा है यह मॉडल? विशेषज्ञों के अनुसार, घर पर अकेले काम करने से एकाग्रता (Concentration) कम होने लगती है और प्रोक्रास्टिनेशन (काम टालने की आदत) बढ़ जाती है। साइलेंट को-वर्किंग स्पेस में जब कोई व्यक्ति अपने आस-पास दूसरों को पूरी तन्मयता से काम करते देखता है, तो उसे एक मनोवैज्ञानिक प्रेरणा मिलती है। इसे 'बॉडी डबलिंग' (Body Doubling) तकनीक भी कहा जाता है, जहाँ किसी की उपस्थिति मात्र से आपकी उत्पादकता बढ़ जाती है। इससे न केवल काम जल्दी निपटता है, बल्कि आस-पास जीवित इंसानों की मौजूदगी अकेलेपन के अहसास को भी दूर करती है।

भारतीय बाजारों में बढ़ती पैठ: मेट्रो शहरों से शुरुआत भारत के प्रमुख को-वर्किंग ब्रांड्स ने इस बढ़ती मांग को भांप लिया है और अपने ऑफिस डिजाइन में बदलाव करना शुरू कर दिया है। वी-वर्क इंडिया (WeWork India): दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में अपने विशाल नेटवर्क के साथ अब खास 'क्वाइट जोन' (Quiet Zones) तैयार कर रहा है।

स्प्रिंगबोर्ड (Springboard): पूरे भारत में अपनी मौजूदगी के साथ फ्रीलांसरों और रिमोट वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए साइलेंट वर्किंग के विकल्प दे रहा है। द हाइव (The Hive): चेन्नई और मुंबई में यह ब्रांड अपने कलात्मक और शांत वातावरण के लिए युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। फ्रीलांसरों और स्टार्टअप्स के लिए वरदान यह ट्रेंड विशेष रूप से उन फ्रीलांसरों, लेखकों, कोडिंग एक्सपर्ट्स और स्टार्टअप संस्थापकों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिन्हें गहरे फोकस (Deep Work) की जरूरत होती है। यह मॉडल उन्हें एक पेशेवर माहौल तो देता ही है, साथ ही बिजली, हाई-स्पीड इंटरनेट और ऑफिस इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्चों को भी साझा करने की सुविधा देता है। भविष्य में काम करने का यह तरीका न केवल ऑफिस और घर के बीच का एक बेहतरीन संतुलन (Hybrid Model) पेश करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को 'डिजिटल अकेलपन' जैसी गंभीर मानसिक चुनौती से लड़ने में भी मदद करेगा।

### पहल

डॉ. मोनिका शर्मा



## स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया।

एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है। समझना आवश्यक है कि घर-परिवार और स्कूल परिसर के सधे नियम ही नयी पीढ़ी को स्क्रीन में समाये वर्चुअल संसार के बजाय वास्तविक जीवन से जोड़ सकते हैं। सामाजिक मेलजोल में रुचि जगा सकते हैं। शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकते हैं। पढ़ाई के मोर्चे पर फोकस्ड रख सकते हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना




संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## ह्रदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे




संकलित

प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## ऊंट की सवारी



राजस्थान के जैसलमेर में सैम ड्यून्स पर टूरिस्ट सोमवार को ऊंट की सवारी का आनंद लेते हुए

## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। - **प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दुःख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर**, कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नहीं कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला**, मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी



एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ**, अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन

## करंट अफेयर

### नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली



नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है।

## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं



पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

रॉयल पत्रिका

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर में हनुमंत कथा का किया श्रवण

## -सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का दोहराया संकल्प



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करते हुए कहा कि तीर्थराज पुष्कर में इस प्रकार का आध्यात्मिक आयोजन सनातन संस्कृति की ज्योति को प्रज्ज्वलित करने का कार्य कर रहा है और विशेष रूप से युवाओं के मन में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक गौरव का सुदृढ़ीकरण होता है।

**ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से की पूजा-अर्चना-**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्कर की पावन धरा आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और सनातन आस्था का अद्वितीय संगम है। जगतपिता ब्रह्मा मंदिर विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यह स्थल आस्था का केंद्र होने के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक गौरवगाथा का भी प्रतीक है। उन्होंने पुष्कर की भौगोलिक एवं आध्यात्मिक विशिष्टता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी केवल आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि अद्वितीय प्राकृतिक संरचना का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुष्कर, गिरिराज जी, खाटूश्याम जी और बालाजी सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इससे श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित तीर्थाटन का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जेडीए ने मैरिज गार्डन को किया सील



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा सोमवार को जोन-09 में जगतपुरा एस.के.आईटी के पास नर्सिंग विहार के भूखण्ड संख्या 15 से 32 तक मे बिना एकीकरण कराऐ जेडीए की बिना अनुमति एवं स्वीकृति के रोड़ सीमा एवं सुविधा क्षेत्र की भूमि को कवर करते हुये बने मैरिज गार्डन के अवैध निमार्ण की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगतपुरा एस.के. आई.टी. के पास नर्सिंग विहार के भूखण्ड संख्या 15 से 32 तक में बिना एकीकरण कराए, जेडीए की बिना अनुमति एवं स्वीकृति के रोड़ सीमा एवं सुविधा क्षेत्र की भूमि को कवर करते हुये मैरिज गार्डन का अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किये जाने पर पर निर्माणकर्ता को धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर उक्त अवैध निर्माण के प्रवेश द्वार को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09, 12, 13, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

आमजन प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में स्वयं उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 01412575151 पर 24X7; हेल्पलाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल dig.jda@rajpolice.gov.in, cce.jda@rajasthan.gov.in, enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

# ग्राम पंचायत करेड़ा खुर्द के कल्याणपुरा में रास्ता हुआ खस्ताहाल, सफर बाधित

## - समाधान नहीं हुआ तो जल्द करेंगे सद्बुद्धि यज्ञ



चाकसू (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत करेड़ा खुर्द के कल्याणपुरा में मोहन जी की ढाणी से रामेश्वर जी ढाणी होते हुए रास्ता खस्ताहाल हो गया है। इस रास्ते में जगह जगह खड्डे हो रखे है। रामेश्वर जी की ढाणी के पास रास्ते में तालाब के पास एक गहरा गड्डा हादसों का प्रमुख कारण बन गया है। स्थानीय ग्रामीण रवि बाड़ीवाल एवं राहुल शर्मा ने बताया कि इस गड्ढे के कारण आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की बदहाली और लगातार हो रहे हादसों की शिकायतें ग्राम पंचायत करेड़ा खुर्द के सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। उनकी लापरवाही से लोगों में भारी रोष है। रवि बाड़ीवाल ने बताया की मेरे द्वारा राजस्थान संपर्क में पूर्व में शिकायत की तो एक बार मार्च 2025 में तो जवाब दिया गया था कि अग्रिम वार्षिक कार्य योजना में जोड़कर कार्य करवा दिया जाएगा। तथा मई 2025 में राजस्थान संपर्क पर शिकायत करवाई उसमें ये जवाब दिया गया था कि पंचायत में अभी कार्य के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। इसके बाद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ और ग्रामीणों का रोज का सफर परेशानी भरा हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही रास्ते की मरम्मत या रास्ते पर सड़क नहीं बनाई गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। अगर इस रास्ते का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति पर जल्दी ही धरना देंगे एवं सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे।

# राज्यपाल से लैक्रोज खेल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की

## -भारत को इस खेल में ओलंपिक पदक के लिए खिलाड़ी अभी से करे तैयारी -राज्यपाल



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि लैक्रोज खेल को राज्य खेल में सम्मिलित किए जाने और जनजातीय विभाग के अंतर्गत इस खेल प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रावधान के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने और त्वरित कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। राज्यपाल से मंगलवार को लोकभवन में लैक्रोज खेल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल द्वारा अपने विवेकाधीन कोटे से लैक्रोज खेल प्रोत्साहन के अंतर्गत दिये जा रहे सहयोग के प्रति आभार जताया और इस खेल में भारत के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया। राज्यपाल बागडे ने लैक्रोज खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ओलंपिक 2028 में भारत के लिए इस खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए हौसला अफजाही की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल के साथ साथ पढ़ाई को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलते समय जीत के लक्ष्य को केंद्र में रखने, चपलता के अंतर्गत निरंतर अभ्यास करने और एकाग्र होकर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आह्वान किया। उन्होंने ओलंपिक से पहले अप्रैल में चीन में होने वाले खेलों में भी अच्छे प्रदर्शन और देश को गौरवान्वित किए जाने हेतु खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, खेल संघ अध्यक्ष अशोक परनामी, श्रीमती प्रज्ञा केवलरमानी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने पूर्व में खिलाड़ियों द्वारा इस खेल में राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे बेहतर प्रदर्शन, राजस्थान की टीम को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल लाने की सराहना भी की।

# अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है – चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग को नियमित गश्त एवं आमजन के माध्यम से अवैध शराब की दुकानों के संचालन की जानकारी मिलती है। सूचना प्राप्त होने पर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामनिवास गावड़िया द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का आबकारी मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि में वर्तमान में 145 आबकारी पुलिस स्टेशन कार्यरत हैं। एक्साइज प्रिवेंटिव फोर्स द्वारा समय-समय पर गश्त कर अनाधिकृत मदिरा विक्रय करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जाती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई लाइसेंसधारी डीलर अवैध दुकान का संचालन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारी जुर्माना लगाया जाता है। साथ ही उसके लाइसेंस को निलंबित या निरस्त किया जाता है तथा संबंधित दुकान को ब्लैकलिस्ट भी किया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र परबतसर में वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक 27 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 13 चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं तथा 14 प्रकरणों में जांच जारी है। इस अवधि में विभाग द्वारा 404 लीटर देशी शराब, 110 लीटर बीयर एवं 82 लीटर हथकढ़ मदिरा जब्त की गई है।

इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में समस्त मदिरा दुकानें आबकारी एवं मद्य संयम नीति 2025-29 एवं राजस्थान आबकारी नियम 1956 के नियम 75 में वर्णित प्रावधानों के तहत स्वीकृत होकर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि शराब लाइसेंसधारियों द्वारा स्वीकृत मदिरा दुकानों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर शराब का विक्रय नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि विधान सभा क्षेत्र परबतसर में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 मदिरा दुकानें स्वीकृत हैं। जिनका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

# खाटूश्याम पदयात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाकर की जा रही सफाई



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार खाटूश्याम पदयात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की जा रही है, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए QRT टीम का भी गठन किया गया है साथ ही मुरलीपुरा जोन में 100 से अधिक सफाई कर्मचारियों को नियुक्त भी किया गया है सफाई कर्मचारियों की दो पारियों में ड्यूटी लगाई गई है साथ ही नाइट स्वीपिंग भी की जा रही है।

टीमों द्वारा भंडारा आयोजनकत्ताओं को कचरा पात्र रखने के लिए समझाइश भी की जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिये भी समझाइष की जा रही है। पदयात्रियों को अपने-अपने घरों पर चार डस्टबिन (नीला, पीला, हरा, काला) के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। विद्याधर नगर जोन, किशनपोल जोन में भी दो पारियों में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा अतिरिक्त संसाधन लगाकर सफाई अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।

# साइकिल पाकर खुशी से झूम उठी बालिकाएं



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। ग्राम लोचुकाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण पीईईओ सायर लाखीवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का आमजन को अधिकाधिक लाभ पहुंचना चाहिए। इस मौके पर सत्र 2025-26 की 9 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई । साइकिल को पाकर बालिकाओं का चेहरा खुशी से खिल उठा। इस दौरान उप प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, भामाशाह बाबूलाल शर्मा, एसडीएमसी सदस्य रीछपाल यादव, प्रेमचन्द वर्मा, बंशीधर पटवारी, हेमचंद यादव, जगदीश प्रसाद यादव, नि:शुल्क साईकिल वितरण प्रभारी ओमप्रकाश पूरी सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुष्कर की पावन धरा पर हनुमंत कथा में हुईं सम्मिलित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं प्रखर सनातन प्रवक्ता धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित यह हनुमंत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था के पुनर्जागरण का महोत्सव है। ये समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। जगत पिता ब्रह्मा जी की उपस्थिति से पुष्कर को तीर्थराज कहा जाता है। यहां के सरोवर की पवित्रता विश्व विख्यात है। हनुमंत कथा से पुष्कर की पवित्रता का संदेश विश्व भर में जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने वाली यह कथा समाज में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने तथा धर्मलाभ अर्जित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वासुदेव देवनानी से पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने की शिष्टाचार भेंट



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने मंगलवार को विधानसभा भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राजे ने विधानसभा की गरिमा, संसदीय मूल्यों तथा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को सुदृढ़ बनाए रखने में विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ जनभावनाओं को प्रभावी रूप से अभिव्यक्ति मिलती है। देवनानी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए प्रदेश के विकास, सुशासन एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर संवाद को लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य प्रदेश की प्रगति और आमजन के हितों की रक्षा करना होना चाहिए।

# पड़ियार परिवार के 4 छोटे बच्चों ने रोजा रखा



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। मरहूम हाजी सत्तार खान पड़ियार के 4 पोता-पोतियों ने रोजा रखकर पूरे परिवार को खुश कर दिया हैं। शाहरुख खान पड़ियार ने बताया कि इन चारों बच्चों का नाम इस प्रकार से है मोहम्मद अली पुत्र हारून खान पड़ियार, शिफा ख़ानम पुत्री इदरीस खान पड़ियार, रौनक ख़ानम पुत्री यूनुस खान पड़ियार, मोहम्मद अजमल पुत्र मोहम्मद अब्बास खान पड़ियार (हाजी अब्दुल रज्ज़ाक खान पड़ियार की पोती व मरहूम हाजी अब्दुल सत्तार खान पड़ियार की पर पोती हैं) पड़ियार परिवार ने खुश होकर ख़ुदा का शुक्र अदा किया कि सभी बच्चों ने सही सलामत रोजा रख लिया हैं। इन बच्चों को रोजा रखने पर ख़ुशी मनाई गई सभी रिश्तेदारों व मोहल्ले वासियों को बुलाकर बेहतरीन मान मनुहार करते हुए दावत दी गई। इधर चारो बच्चों को इनामात से नवाजा गया नए कपड़े पहनाए गए फूल मालाएं पहनाई गई। इस अवसर पर हाजी गफ़्फ़ार खान पड़ियार, हाजी सरदार खान पड़ियार, हाजी अब्दुल रज्ज़ाक खान पड़ियार, पूर्व पुलिस थानेदार सलीम खान पड़ियार, निसार खान पड़ियार, हाजी इशाक खान पड़ियार, फैय्याज खान पड़ियार, इदरीस खान पड़ियार, हारून खान पड़ियार, यूनुस खान पड़ियार, सद्दाम खान पड़ियार, शोहराब खान पड़ियार, मुश्ताक खान पड़ियार, अब्दुल लतीफ़ खान पड़ियार, शफ़ीक़ खान पड़ियार, शरीफ़ खान पड़ियार, नबाब खान, असगर खान आदि उपस्तिथ थे।

# पुलिस आयुक्त ने व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों के साथ शहर में बेहतर कानून व्यवस्था, शान्ति एवं सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था के बारे में किया संवाद




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त, सचिन मित्तल ने पुलिस थाना कोतवाली में जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों के साथ शहर में बेहतर कानून व्यवस्था एवं शान्ति एवं सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के लिए चर्चा की। मित्तल ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए बताया कि शहर में शांति एवं क़ानून व्यवस्था बनाए रखने में आप सभी का अहम योगदान है उन्होंने बताया कि व्यापारीगण अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए और कैमरे इस टाइप के लगवाए की जिनको हम अभय कमान सेंटर से जोड़ सकें। बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को शहर में कानून व्यवस्था, व्यापारिक सुरक्षा और पुलिस-व्यापारी समन्वय को और मज़बूत करने के उद्देश्य से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। साथ ही, महासंघ ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस का हमेशा सहयोग करने के लिए कहा । पुलिस आयुक्त ने पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं एवं सुझावों का परीक्षण करवाकर समीक्षा करने के पश्चात ठोस एवं न्यायोचित समाधान किया जायेगा। इससे पूर्व पुलिस आयुक्त को बुके देकर पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, मिंतर सिंह, अमित जोशी, गुलाबचंद, प्रकाश सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विवेक भारद्वाज, कैलाश मित्तल ने समस्याएं बताकर सुझाव दिए।

**महासंघ द्वारा दिए गए मुख्य सुझाव और निर्णयः-**

1. पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति का गठनः पुलिस और व्यापारिक समुदाय के बीच नियमित संवाद स्थापित करने के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया जाए, जिसकी बैठकें प्रतिमाह/त्रैमासिक आधार पर हों।
2. तकनीकी निगरानी एवं तत्परता प्रक्रिया प्रणाली (Technology-Driven Surveillance & Rapid Response System): महासंघ बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले CCTV कैमरों का एक एकीकृत नेटवर्क स्थापित करने का अभियान चलाएगा, जिसमें हर प्रतिष्ठान के अंदर, बाहर और बरामदों में कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साइबर अपराधों से बचाव के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।
3. बाजारों में सुरक्षा गार्डों की व्यवस्थाः सुरक्षा की दृष्टि से अपने बाजारों में गार्डों की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जाएगा।
4. विधायक/सांसद कोटे से CCTV: क्षेत्रीय विधायक और सांसद के कोटे से बाजारों में CCTV कैमरे लगवाकर उन्हें 'अभय कमांड' से जोड़ा जाएगा।
5. यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन में सुधारः बाजारों में सुगम आवागमन और पार्किंग के लिए ई-रिक्शा और ऑटो-रिक्शा के नियमन के साथ-साथ मल्टीलेवल पार्किंग और अवैध पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई का सुझाव दिया गया है।
6. अतिक्रमण पर स्थायी नीति और नियंत्रणः अतिक्रमण को हटाने और दोबारा स्थापित न होने देने के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने की मांग की गई है।
7. सुरक्षित बाजार एवं पर्यटक गलियारेः बाजारों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पुलिस गश्त बढ़ाने और "नाइट बाजार" की अवधारणा को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया है।
8. पुलिस स्टाफ की कमी और तैनातीः परकोटा क्षेत्र के थानों में स्टाफ की कमी को दूर करने और पर्याप्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने की बात कही गई है।
9. जन जागरूकता एवं सामुदायिक पुलिसिंगः महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाजारों में छेड़छाड़ पर त्वरित कार्रवाई का आह्वान किया गया है।
10. शराब की दुकानों का विनियमनः सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के हित में शराब की दुकानों के स्थान और संचालन पर सख्त नियम लागू करने का सुझाव है।

इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशंस राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव प्रचार, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर बजरंग सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली राजेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# 7 प्रतिष्ठानों पर 20 घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर की गई कार्यवाही



पाली (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में आकस्मिक निरीक्षण कर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर 20 सिलेण्डर जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, दुकानों, गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार द्वारा गठित जांच दल द्वारा पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में मंगलवार को 7 होटल एवं रेस्टोरेन्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिनमें घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाये जाने पर कुल 20 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्ती की कार्यवाही की गई। ग्राम मुण्डारा स्थित मैसर्स हरिओम स्वीटस् से 2 घेरलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स परशुराम महादेव किराणा स्टोर्स से 8 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं बाली स्थित मैसर्स जोधपुर स्वीटस् एण्ड नमकीन से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स माताजी स्वीटस् से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स पढरपुरी चाय से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, सादडी स्थित मैसर्स ओम साई फास्ट फुड से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं मैसर्स किसान केसरी ढाबा से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। दोषियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्टोरेन्टों, दुकानों, गोदामों, गैस एजेंसी इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान जांच में प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र सिंह आशिया एवं प्रवर्तन निरीक्षक भरत कुमार मौजूद रहे।

# बजट घोषणाओं के कार्यो को समयबद्धता के साथ पूर्ण करें- एडीएम



बारां (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में घोषित बजट में जिले से संबंधित कार्यों में प्रगति को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए समीक्षा की। मिनी सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सक्रियता से कार्य करें तथा विभागवार कार्यो की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए विकास कार्यो को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर परिषद, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, पीएचईडी, जल संसाधन एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में मार्च माह से पूर्व तक आशान्वित प्रगति लाई जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# चूरू एसडीएम सुनील कुमार ने पीएमश्री राउमावि खण्डवा पट्टा का किया निरीक्षण



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को चूरू एसडीएम सुनील कुमार ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खण्डवा पट्टा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मिड-डे-मील का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ सदस्यों को पीएमश्री स्कूलों की रैंकिंग के लिए निर्धारित पैरामीटर पर काम करते हुए अपेक्षित प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं हेतु शौचालयों, डिजिटल लाइब्रेरी एवं संविधान कक्ष का अवलोकन किया और डिजिटल लाइब्रेरी में आईटी से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित करने व आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी से संवाद करने वाली छात्रा भूमिका शर्मा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सांवत राम, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, निजी सहायक सुरेश कुमार, ताराचंद, राजेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, बजरंग लाल एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा सर्व विप्र समाज की महिलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन

**मोहम्मद अली पठान**



रतनगढ़ (रॉयल पत्रिका)। चूरू रोड़ स्थित श्री परशुराम अथिति भवन में श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति की महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमति यशोदा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया जिसमें एकल गायन, राजस्थानी वेशभूषा, एकल एवं सामूहिक नृत्य, धार्मिक प्रश्नोत्तरी, मटका फोड़, मोती पिरोओ प्रतियोगिताए होगी। अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम होने से महिलाओं में जागृति आत्मविश्वास और सम्बलता आती हैं तथा प्रतिभाओ को आगे बढ़ने से साथ-साथ समाज को दिशा देने का अवसर मिलता हैं तथा महिला उत्थान ओर सशक्तिकरण को बल मिलता है बैठक में पुष्पा हरितवाल, निर्मला शर्मा, कुसुम सांखोलिया, ऊषा शर्मा, भंवरी देवी, सुमन वशिष्ठ, बबीता धर्ड़, कविता शर्मा, मधु धर्ड़, अर्चना शर्मा आदि मातृ शक्ति ने अपने अपने विचार वक्त किए तथा प्रतियोगिता से संबंधित तैयारियां के दायित्व सौंपे।

# 7 वर्षीय हुरैन खान ने रखा पहला रोजा की खुशी जाहिर



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर माहे रमजान के महीने में छोटे बच्चे भी रोजा रखने का शौक रखते हैं। कांग्रेस नेता रियाजत खान की पोती हुरैन खान जो सात साल की है। पहला रोजा रखा। स्मरण रहे कि रमजान के महीने में मुस्लिम समाज पूरे महीने रोजा रखता है सुबह पांच बजे से शाम साढ़े छह बजे तक कुछ भी खाते पीते नहीं है। बच्ची के हौंसले की सभी तारीफ कर रहे हैं। समाज में इसे बच्चों में धैर्य और धार्मिक संस्कारों की शुरुआत के रूम में देखा जाता है हालां कि बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि किसी भी तरह का बच्चों पर कोई दबाव नहीं होता है फिर भी बच्चे घर में बड़ों को देखकर सभी धार्मिक क्रियाएं सीखते हैं। रोजा इफ्तार के समय शाम को बच्चों के पोषण का और शारीरिक विकास का खास ध्यान रखा जाता है। बच्ची को पूछने पर बताया कि मुझे खुशी का अहसास हो रहा है ओर में अपने परिवार शहर व मुल्क की खुश हाली की दुआ करती हु।

# ज़कात हर मालिके निसाब (धनवान) पर फ़र्ज़ है- एम. ए. पठान



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से पत्रकार मोहम्मद अली पठान ने माहे रमजान के बारे में खासकर जकात पर शहर के आलिमों एवं मुफ्तियों से चर्चा कर जकात के बारे में बताया की जीस व्यक्ति के पास 653 ग्राम 184 मिलीग्राम चाँदी या उसकी कीमत का मालिक हो, वह मालिके निसाब है। मौजूदा समय में जयपुर, लखनऊ, गोल्ड मार्केट के हिसाब से इसका रेट लगभग 1,70,000 (एक लाख सत्तर हज़ार) रुपये है। अलग-अलग शहरों में चाँदी के रेट में फर्क होता है, इसलिए दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद आदि शहरों और आस-पास के लोग अपने शहर के हिसाब से निसाब का रेट मालूम करके निकालें। साढ़े सात तोला सोना या साढे बावन तोला चांदी दोनों में से जिसकी कीमत कम हो या उस कीमत के बराबर रकम इस्तेमाल से जायद चीज हो तिजारत का माल हो वह मालीके निसाब है। जो व्यक्ति इतनी या उससे ज़्यादा रकम का मालिक हो, वह ढाई प्रतिशत (2.5%) के हिसाब से ज़कात अदा करे। जिसके पास चाँदी न हो, सिर्फ सोना और रुपये हों, वह सोने की कीमत को अपने रुपयों में जोड़कर देखे। अगर निसाब पूरा होता है तो ज़कात दे, वरना माफ़ है। सोने का निसाब साढ़े सात तोले है, जिसका वज़न आज के हिसाब से 93 ग्राम 312 मिलीग्राम है। जिसके पास इतना या इससे ज़्यादा सोना हो उस पर सोने की ज़कात फ़र्ज़ है। और जिसके पास इससे कम सोना हो, वह सोने की कीमत अपने रुपयों में जोड़ ले। कुल कीमत 1,70,000 रुपये या उससे ज़्यादा हो तो ज़कात दे, कम हो तो माफ़ है। हाँ, रुपये देना सवाब का काम है, और न दे तो गुनाह नहीं। मायके से दुल्हन को जो ज़ेवर मिले हैं, उनकी ज़कात दुल्हन पर ही फ़र्ज़ है। वह खुद अदा करे, या उसकी इजाज़त से उसका शौहर, बाप, भाई वगैरह अदा कर सकते हैं। गोल्ड मार्केट में सोना अलग-अलग शक्लों में मिलता है और उनके रेट में भी काफी फर्क होता है। खालिस (शुद्ध) सोना 24 कैरेट कहलाता है। मिलावट वाला सोना 22 कैरेट, 18 कैरेट या 16 कैरेट कहा जाता है। आम तौर पर ज़ेवर 22 कैरेट या 18 कैरेट या उससे कम के होते हैं। जिस कैरेट का सोना होगा, उसी के हिसाब से ज़ेवर के कुल वज़न पर ज़कात वाजिब होगी। ज़ेवर के वज़न में कोई कमी नहीं की जाएगी। बहारे-शरीअत में है: "अगर सोने-चाँदी में खोट हो और गालिब सोना या चाँदी हो, तो उसे सोना-चाँदी ही करार दिया जाएगा और कुल वज़न पर ज़कात वाजिब होगी।" और 22 कैरेट, 18 कैरेट वाले ज़ेवर में हक़ीक़त में मिलावट होती है, जो यकीनन खोट है, लेकिन जब गालिब सोना होता है, इसलिए पूरे वज़न पर ज़कात अदा की जाएगी। जो रुपये अपने खाते में हों, या बैंक या डाकखाने में फिक्स जमा हों, या किसी दूसरे के जिम्मे कर्ज़ या दैन हों, या दुकान या मकान के मालिक के पास ज़मानत के तौर पर जमा हों — उनकी ज़कात भी वाजिब है। जिसने ये रुपये दिए हैं या जमा किए हैं, वही उनकी ज़कात अदा करेगा। जो जमीन बेचने के लिए खरीदी गई हो, वह माले तिजारत है। हर साल बाजार भाव से उसकी कीमत लगाकर उसकी ज़कात अदा करना फ़र्ज़ है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हों प्रयास – अतिरिक्ति जिला कलक्टर



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और हादसों में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने को कहा। अतिरिक्त जिला कलक्टऔर ने निर्देश दिए कि सड़क हादसो की रोकथाम के लिए वाहन चालकों में जागरूकता लाना सबसे जरूरी है। लोग यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हुए वाहन चलाएं, इसके लिए प्रभावी जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्हों ने निर्देश दिए कि जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों की 'रोड सेफ्टी ऑडिट' करवाई जाए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को 'सेमी ब्लैक स्पॉट' का मौके पर जाकर मुआयना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर हादसों के कारणों का बारीकी से पता लगाया जाए और जल्द से जल्द तकनीकी व ढांचागत सुधार किए जाएं। अतिरिक्ता जिला कलक्टतर ने निर्देश दिए कि जिले में काम कर रही सभी टोल एजेंसियों से हर महीने नियमानुसार सड़कों के संधारण संबंधी प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं, ताकि सड़कों की गुणवत्ता बनी रहे। जिले में जिन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है, उन्हें चिह्नित कर तत्काल ब्रेकर बनाए जाएं। सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें ताकि दुर्घटनाओं का ग्राफ नीचे आ सके। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा, एनएचएआई से गोविंद सिंह पंवार एवं रिडकोर के अश्विनी पाठक आदि मौजूद रहे।

# भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी की निंदा करते है- चौहान

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्व महासचिव जमील चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, हम राष्ट्रीय यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिंब और बाकी युवा साथियों की ऐसी गिरफ्तारी की निंदा करते। चौहान ने कहा देश के संविधान ने हर भारतीय नागरिक को विरोध करने का अधिकार दिया है, शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन मोदी की तानाशाही सरकार यह अधिकार छीना चाहती है,आज युवा नौकरी के लिए परेशान हैं और देश का माहौल इतना खराब हो गया है, जिसकी वजह से युवा गुस्से में हैं। हमारे युवा साथियों ने एक प्रोटेस्ट किया, जिसके बाद नरेंद्र मोदी कांग्रेस पार्टी को टारगेट कर, हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। मगर कांग्रेस के लोग कायर नहीं हैं। हम हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हम हर तरह का त्याग करेंगे और देश को गिरवी रखने वाले लोगों के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगे।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्ची को मिला संबल, मौके पर ही स्वीकृत हुई पेंशन

**निशान सतराना**




घड़साना (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्रीगंगानगर के उपनिदेशक वीरेंद्र पाल सिंह सेखों ने जिले के खंड कार्यालयों एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घड़साना कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक मार्मिक मामला सामने आया। जनसुनवाई के दौरान थैलीसीमिया पीड़ित मासूम कुमकुम के प्रार्थना पत्र पर उपनिदेशक ने तत्परता दिखाते हुए अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से तुरंत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए आवेदन किया और मौके पर ही स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। पेंशन स्वीकृत होने की सूचना मिलते ही बच्ची के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उपनिदेशक सेखों ने जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय कार्मिकों से अपील की कि ऐसे जरूरतमंद एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। साथ ही उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के सत्यापन से शेष रहे पेंशनरों से शीघ्र सत्यापन करवाने की भी अपील की, ताकि पेंशन का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। निरीक्षण के दौरान विभाग के 365 हेड छात्रावास का भी अवलोकन किया गया। छात्रावास के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर छात्रावास सहायक मनोहर लाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही आवासीय विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि उपनिदेशक पूर्व में भी घड़साना व्यापार मंडल परिसर में दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करवा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक प्रदीप पुनिया, लेखाधिकारी नवीन छाबड़ा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाऊसिंग बोर्ड सेक्टर एक में आवारा कुत्तों का आतंक

## -एक स्कूली बच्ची सहित तीन लोगों को किया जख्मी, कलक्टर को दिया ज्ञापन



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित स्काउट फील्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सेक्टर एक शीतला माता मंदिर के निकट मंगलवार को प्रातःकुछ आवारा कुत्तों ने एक स्कूली बच्ची सहित तीन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों ने अग्रवाल समाज आवासन मंडल अध्यक्ष गिर्राज मंगल एवं एक निजी स्कूल की संस्था प्रधान रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर आवारा कुत्तों को पकड़वाने (शेल्टर) में भिजवाने की मांग की। रश्मि अग्रवाल व गिर्राज मंगल ने बताया कि लंबे समय से हाऊसिंग बोर्ड सेक्टर एक व हनुमान नगर चौहराया क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक है, तथा आए दिन राह चलते लोगों एवं स्कूली बच्चों को जख्मी कर रहे। इन लोगों का आरोप है कि इस वार्ड में एक परिवार रहता है जिस में केवल महिलाएं है वे इन आवारा कुत्तों को संरक्षण देती अगर कोई कुत्ते से बचने के लिए लकड़ी पत्थर का डर दिखाते है तो वो महिलाएं झगड़े पर आमादा हो जाती है, तथा गाली गलौच करती है। जिला कलक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र कुत्तों को हटवाने के लिए नगर परिषद को पाबंद करने का आश्वासन दिया।

कॉलोनी के सभी महिला पुरुष व पीड़ित लोग कलेक्ट्रेट से कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने कोतवाल मदन को सारे घटना क्रम की जानकारी देकर महिलाओं को पाबंद करने तथा आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग करते हुए लिखित में रिपोर्ट दी।

# हुजूर नसीरे मिल्लत के हक़ में राजस्थान हाइकोर्ट जयपुर का ऐतिहासिक फैसला

## -इश्तियाक अहमद का दावा हुवा खारिज़

**मोहम्मद अली पठान**



फतेहपुर (रॉयल पत्रिका)। दरगाह हज़रत ख्वाजा हाजी मोहम्मद नजमुद्दीन साहिब सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी रहमतुल्लाह अलेह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली हुजूर नसीरे मिल्लत के ख़िलाफ़, इश्तियाक अहमद वल्द गुलाम मोइनुद्दीन ने सन् 2021 में एक दावा बाबत उद्घोषणा पूर्व में माननीय सुप्रीम कोर्ट से हुजूर नसीरे मिल्लत के हक़ में हुवे फैसलों और वसीयत को खारिज करवाने बाबत, बउनवानी इश्तियाक अहमद बनाम पीर गुलाम नसीर आदि सिविल कोर्ट फतेहपुर में पेश किया था, जो कि माननीय ए.सी.जे.एम. फतेहपुर ने दावा आदेश 7 नियम 11 सी.पी.सी. के तहत बतारीख 10.11.2022 को खारिज कर दिया था, जिसकी अपील पर सुनवाई में माननीय ए.डी.जे. फतेहपुर ने बतारीख 29/09/2025 को इश्तियाक अहमद की अपील मंजूर कर, ए.सी.जे.एम. कोर्ट फतेहपुर को दावे की सुनवाई करने के लिए फाइल को लौटा दिया। माननीय ए.डी.जे. कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ हुजूर नसीरे मिल्लत ने माननीय राजस्थान हाइ कोर्ट जयपुर, में अपील की जिसमे आज बतारीख 24.02.2026 को माननीय राजस्थान हाई कोर्ट ने माननीय ए.सी.जे.एम. फतेहपुर के फैसले को सही ठहराते हुए, वादी पर 25000 की कॉस्ट लगा कर, माननीय ए.डी.जे. फतेहपुर के फैसले को अपास्त कर दिया। निचली अदालतों में हुजूर नसीरे मिल्लत की पैरवी एडवोकेट दिनेश



शर्मा ने की और राजस्थान हाई कोर्ट में आप की पैरवी एडवोकेट अमित सिंह शेखावत ने की। इस मौके पर दरगाह शरीफ के तमाम मुरीदीन, मुतवस्सिलीन, व जुमला मुहिबबीन आभार व्यक्त किया ।

# पूर्व वित्त एवं नहर मंत्री स्वर्गीय चंदनमल बैद की पुण्यतिथि मनाई

**मोहम्मद अली पठान**



चुरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय नई सड़क पर पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया की अध्यक्षता में पूर्व वित्त एवं नहर मंत्री चंदनमल बैद की 17 वी पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी, इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि बैद विकास पुरुष व ईमानदार नेता थे, चंदनमल बैद जो कहते थे वह करते थे, इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, लक्ष्मण सिंह न्योल, ताराचंद बाठिया, मुशीखा, कालूराम महर्षि, सलीम मिस्त्री, सलीम पिए, रामेश्वर नायक, अयुब खा मलवान, दिनेश कुमार महरिया, सांवरमल महेरिया, परमेश्वर लाल रेगर, मनोज महनसरिया एडवोकेट, मुबारक भाटी, शिवम सोनी, सुगनाराम मोटसरा, मोहन टेलर, महबूब कुरेशी सहित उपस्थित जनों ने वेद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सूचना**

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# अंतरराज्यीय भ्रमण में सवाई माधोपुर के किसानों ने सीखी आधुनिक ग्राफ्टिंग तकनीक

## -एक ही पौधे से दो फसलों का उत्पादन, प्राकृतिक खेती व जीरो टिलेज की भी मिली जानकारी

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। आत्मा योजना के अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले के किसानों के अंतरराज्यीय अध्ययन भ्रमण के दौरान कृषि अनुसंधान संस्थान, वाराणसी एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। भ्रमण दल प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी पिंटू लाल मीणा एवं अमित कुमार ने बताया कि किसानों को सब्जी फसलों में ग्राफ्टिंग की उन्नत तकनीकों का व्यवहारिक प्रदर्शन कराया गया।



संस्थान के वैज्ञानिकों ने किसानों को बैंगन के पौधे पर टमाटर की ग्राफ्टिंग कर एक ही पौधे से दोनों फसलों का उत्पादन लेने की तकनीक दिखाई, जिसे 'ब्रैमेटो' नाम दिया गया है। इसी प्रकार आलू की जड़ पर टमाटर की ग्राफ्टिंग कर 'पोमेटो' तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जिससे एक ही पौधे से आलू और टमाटर दोनों का उत्पादन संभव है। वैज्ञानिकों ने बताया कि मजबूत मूल पौधे के उपयोग से फसल की आयु एवं उत्पादन क्षमता बढ़ती है।

भ्रमण के दौरान किसानों ने संरक्षित खेती (प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन) के अंतर्गत टमाटर, शिमला मिर्च सहित विभिन्न सब्जियों की खेती का अवलोकन किया। साथ ही मटर, लौकी, बैंगन, मिर्च, ब्रोकली, फूलगोभी, पत्तागोभी, लाल गोभी एवं राजमा की उन्नत फसल प्रणालियों का भी अध्ययन किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रामस्वरूप मीणा ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की तकनीकों, दोनों के अंतर तथा कम लागत में जैविक उत्पाद तैयार करने की जानकारी दी। उन्होंने एकीकृत कृषि मॉडल के तहत पशुपालन, मत्स्य पालन एवं गोबर आधारित इकाइयों को अपनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के उपाय बताए। इसके साथ ही किसानों को जीरो टिलेज (बिना जुताई खेती) तकनीक का प्रदर्शन कराया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि धान और गेहूं जैसी फसलों की बुवाई बिना जुताई के सीड ड्रिल के माध्यम से करने से लागत कम होती है, मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। अंतरराज्यीय अध्ययन भ्रमण से किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं आयवर्धक कृषि तकनीकों की जानकारी मिली है, जिससे जिले में नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा मिलने और किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

# चौथ का बरवाड़ा में 10 दिवसीय नि:शुल्क क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर 27 फरवरी से

## -जिला कलक्टर ने पोस्टर का किया विमोचन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। चौथ का बरवाड़ा कस्बे में 27 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय निःशुल्क अर्श, भगंदर एवं फिशर क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन जिला कलक्टर काना राम द्वारा किया गया। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. भीम सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में पाइल्स (अर्श), फिस्टुला (भगंदर), फिशर एवं पायलोनाइडल साइनस जैसे रोगों का उपचार आयुर्वेद की प्रभावी एवं सुरक्षित क्षारसूत्र पद्धति से विशेषज्ञ आयुर्वेद शल्य चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ. मनिंद्र बैरवा ने बताया कि शिविर के दौरान आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा के साथ-साथ अग्निकर्म, विद्धकर्म, रक्तमोक्षण एवं पंचकर्म जैसी विशिष्ट उपचार पद्धतियों से भी रोगियों को लाभान्वित किया जाएगा।



वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने जानकारी दी कि शिविर के दौरान प्रतिदिन औषधीय एवं शुष्क द्रव्यों की प्रदर्शनी तथा स्वस्थ जीवनशैली प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा औषधीय पौधों एवं उनके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। सहायक निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी आठ ब्लॉकों में प्रचार रथ के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक मरीज इस निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें। पोस्टर विमोचन एवं प्रचार रथ रवानगी कार्यक्रम के दौरान डॉ. धर्मपाल मीणा, डॉ. कालूराम मीणा, भूपेंद्र पांडे, देवेंद्र मीणा, पवन कुमार, अनुपम शर्मा, दिनेश वर्मा, शंभू सिंह, मनोज सैनी सहित आयुर्वेद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने अपूर्ण आवासों पर जताई नाराजगी



बारां (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान अन्तर्गत मंगलवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में अपूर्ण आवासों की प्रगति की समीक्षा बैठक शाहबाद स्थित एडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने बैठक में अपूर्ण आवासों की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत शुभधरा, बीची खुशियारा के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा अपूर्ण आवासों का विवरण प्रस्तुत नहीं करने एवं ग्राम पंचायत में आवास निर्माण की वास्तविक प्रगति की जानकारी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनों ग्राम विकास अधिकारियों को फटकार लगाई एवं उपखंड अधिकारी किशनगंज को कार्यों की समीक्षा नही करने पर शीघ्र कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर तोमर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर व विकास अधिकारी किशनगंज को 28 फरवरी को पुनः आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक कर निर्धारित समयावधि में आवास पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम शाहबाद जब्बर सिंह, एसीईओ हरीशचन्द्र मीणा, अधिशाषी अभियन्ता जिला परिषद, शाहबाद व किशनगंज के विकास अधिकारी सभी ग्राम विकास अधिकारी व आवास प्रभारी उपस्थित रहे।

# राजस्व बोर्ड अध्याक्ष ने किया जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण

## -अध्योक्ष ने परखी जिला कलेक्ट्रेट की कार्यप्रणाली

बूंदी (रॉयल पत्रिका)। राजस्व मंडल अध्यमक्ष हेमंत कुमार गेरा ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अनुभागों में जाकर कामकाज की बारीकियों को परखा और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अध्याक्ष ने 'राजकाज' पोर्टल के माध्यम से संपादित किए जा रहे ई-फाइलिंग कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने केवल फीडबैक ही नहीं लिया, बल्कि स्वयं पोर्टल पर जाकर निस्तारित और संधारित फाइलों की गहनता से जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में सुगमता और पारदर्शिता लाने के लिए तकनीकी उपकरणों को समय-समय पर अपग्रेड किया जाएं। रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान राजस्वे बोर्ड अध्य क्ष ने पुराने राजस्व दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए कि वर्षों पुराने रिकॉर्ड को नष्ट होने से बचाने के लिए उन्हें स्कैन कर डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जाए। रिकॉर्ड को स्के न करने के लिए विस्तृत 'प्रोजेक्ट रिपोर्ट' तैयार की जावें। साथ ही, कार्यालय में जमा अनुपयोगी (असेवा योग्य) सामान का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। गेरा ने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, अभाव अभियोग और लोकायुक्त से संबंधित मामलों की प्रगति रिपोर्ट देखी। प्रतिलिपि शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने माहवार जारी होने वाली प्रतियों (नकल) की संख्या जांची। इसके पश्चात उन्होंने जिला रसद कार्यालय, सहायता अनुभाग और सांख्यिकी कार्यालय का निरीक्षण कर संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# इंस्पिरेशन से सेलिब्रेशन तक: सिनेप्स–2026 में ज़ाकिर और बादशाह लाइव

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर में 26 एवं 27 फरवरी 2026 को आयोजित होने जा रहा गीतांजली सिनेप्स–2026 (स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्ट) इस वर्ष और भी भव्य एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत होगा। राजस्थान की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में प्रतिष्ठित गीतांजली यूनिवर्सिटी का यह वार्षिक महोत्सव खेल, संस्कृति, कला और संगीत का जीवंत संगम बनेगा। दो दिवसीय इस महोत्सव में मेडिकल, पैरामेडिकल, फार्मेसी, डेंटल, फिजियोथेरेपी एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विविध खेल प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं टीम-आधारित आयोजन किए जाएंगे। सिनेप्स–2026 प्रतिभा, उत्साह, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का अद्वितीय मंच साबित होगा।




**26 फरवरी — "इंस्पिरोग्रूव" विद ज़ाकिर खान**

प्रथम दिन 26 फरवरी 2026 को प्रख्यात स्टैंड-अप कॉमेडियन, लेखक एवं शायर ज़ाकिर खान "इंस्पिरोग्रूव" कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। अपनी विशिष्ट शैली, सहज अभिव्यक्ति और प्रेरक विचारों के माध्यम से वे युवाओं को जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की प्रेरणा देंगे।

**27 फरवरी — बादशाह लाइव इन कॉन्सर्ट**

दूसरे दिन 27 फरवरी 2026 को सुप्रसिद्ध बॉलीवुड रैपर एवं गायक बादशाह की बहुप्रतीक्षित लाइव कॉन्सर्ट नाइट आयोजित की जाएगी। अपने सुपरहिट गानों, ऊर्जावान रैप शैली और शानदार स्टेज परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध बादशाह का यह कार्यक्रम युवाओं के लिए रोमांच और मनोरंजन से भरपूर संध्या सिद्ध होगा। गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने कहा कि सिनेप्स–2026 विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, टीम भावना विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महोत्सव शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास को भी नई दिशा देगा।

# बच्चो और महिलाओ को मिली आयरन की शक्ति

## -'शक्ति दिवस' पर हुइ एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों और पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जेमिनी ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

# नाड़ी मोहल्ला सिटी डिस्पेंसरी से डॉक्टर हटाए जाने पर आमजन में रोष

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। शहर के नाड़ी मोहल्ला स्थित सिटी डिस्पेंसरी में कार्यरत डॉक्टर साईन बानो को दिनांक 21.02.2026 को बिना किसी स्पष्ट कारण के, कथित रूप से राजनीतिक दबाव के चलते हटा दिया गया है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार डॉक्टर साईन बानो के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं थी। उनके कार्यकाल में प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीज उपचार हेतु डिस्पेंसरी में आते थे और नियमित रूप से चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर रहे थे। डॉक्टर को अचानक हटाए जाने से क्षेत्र की आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने सिटी डिस्पेंसरी के बाहर धरना देकर आक्रोश जताया तत्पश्चात उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वर्तमान में डिस्पेंसरी में डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से हाथ जोड़कर निवेदन किया है कि या तो डॉक्टर साईन बानो को पुनः यथावत नियुक्त किया जाए अथवा तत्काल प्रभाव से किसी अन्य योग्य चिकित्सक की नियुक्ति की जाए, ताकि सिटी डिस्पेंसरी में आने वाले मरीजों को समुचित एवं नियमित उपचार मिल सके। यदि शीघ्र ही डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई तो आने वाले सोमवार को क्षेत्र की जनता एवं मरीजों द्वारा कलेक्टर परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खत्री, जय जसवानी, इंसाफ मोयल, आमीन अली रंगरेज, जावेद सिरोहा, जावेद गौरी, बाबू भाई मोयल, असगर खत्री, सेफुल खिलजी, पुरुषोत्तम राठी, जे डी धारीवाल, सुभान अंसारी, इरफान अंसारी सहित दर्जनों महिलाओं सहित आमजन मौजूद रहे।



# राजस्थान यूथ कांग्रेस चुनाव: सदस्यता व नामांकन अभियान शुरू, संभाग प्रभारी ने ली बैठक

कोटा (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत यूथ कांग्रेस संगठनात्मक चुनावों को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कोटा संभाग की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, गुमानपुरा में आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए मुंबई से नियुक्त संभाग प्रभारी राम आश्रय चौहान विशेष रूप से पहुंचे। बैठक को संबोधित करते हुए राम आश्रय चौहान ने कहा कि यूथ कांग्रेस के चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न होंगे। उन्होंने सदस्यता अभियान, ऑनलाइन पंजीयन, नामांकन प्रक्रिया तथा मतदान की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार ब्लॉक अध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर चुनाव होंगे। साथ ही संगठन में सामाजिक समावेशिता को ध्यान में रखते हुए एसटी, एससी, ओबीसी और महिला वर्ग के लिए निर्धारित श्रेणियों में भी चुनाव कराए जाएंगे।




संभाग प्रभारी ने बताया कि वे कोटा संभाग के प्रत्येक जिले में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को लेकर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ें। बैठक में जिलाध्यक्ष मोइजुद्दीन गुड् ने कहा कि कोटा संभाग में यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर युवाओं में उत्साह है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पूर्व अध्यक्ष श्याम जादौन ने चुनाव को संगठन की मजबूती का अवसर बताते हुए युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। शहर अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर ने कहा कि सदस्यता अभियान को वार्ड स्तर तक प्रभावी ढंग से चलाया जाएगा।

# छह वर्षीय तैमूर ने रखा पहला रोजा

बारां (रॉयल पत्रिका) । रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। जहां बडे बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। शहर के मेला ग्राउंड निवासी पूर्व अंजुमन सदर अब्दुल शकूर चिश्ती के पोते ओर अब्दुल कलाम स्टोन के बेटे मोहम्मद तैमूर ने अपना पहला रोजा रखा। दिन भर इबादत करके शाम को मगरिब की अज़ान के साथ रोज़ा खोला ओर नमाज पढ़ कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। तैमूर को बस्ती वालों ने खूब दुआओ से नवाजा।



# होली धुलंडी, ईद, रामनवमी पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की शांति समिति बैठक

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक सौहार्द बनाए रखकर आपसी भाईचारे के साथ आगामी त्यौहार मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी दोनों में हिंदू व मुस्लिम दोनों ही समुदाय के कई त्यौहार आ रहे हैं। उन्होंने वहां मौजूद सभी सदस्यों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए जाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन दोनों फसलों की कटाई चल रही है। साथ ही किसान अपने अनाज बेचने के लिए मंडी में जा रहे हैं। जहां अनाज बेचकर जब वापस लौटते हैं तो अपने पैसे का पूर्ण रूप से ध्यान रखें। इस दौरान उनके साथ ठगी होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस के देवे ताकि अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।



# पाली- राजसखी मेले में उमड़ा जनसैलाब, एक ही दिन में हुई ₹2.27 लाख से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में रामलीला मैदान, पाली में आयोजित किए जा रहे श्राजसखी मेलेश् में ग्रामीण महिला शक्ति के हुनर का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। मेले के दूसरे दिन न केवल भारी भीड़ उमड़ी, बल्कि खरीदारी के मामले में भी जबरदस्त आंकड़े सामने आए हैं। ₹2.27 लाख की रिकॉर्ड तोड़ बिक्रीरू मेले में स्थापित विभिन्न स्टालों पर ग्राहकों ने स्वदेशी और हस्तशिल्प उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। कल दिनांक 23-02-2026 को सभी स्टालों की कुल एक दिन की बिक्री 2,27,745 रुपये रही। यह आंकड़ा राजीविका समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उनके उत्पादों की बाजार में बढ़ती मांग की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जैतारण, रानी और देसुरी ब्लॉक का भ्रमणरू आज मेले के दौरान जैतारण, रानी एवं देसुरी ब्लॉक की राजीविका समूह की महिलाओं ने मेले का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं ने अन्य समूहों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की प्रदर्शनी देखी और स्टॉल प्रबंधन व मार्केटिंग की बारीकियों को समझा। विभागीय सहभागितारू महिला अधिकारिता विभाग से आशा सहयोगिनियों एवं साथिनों ने भी मेले में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन किया और ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के आर्थिक उत्थान के इस प्रयास को सराहा। मेले की विशिष्टतारू रामलीला मैदान में सजे इस मेले में शुद्ध मसालों, हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधानों और गृह सज्जा के सामानों की भारी मांग देखी जा रही है। जिला प्रशासन और राजीविका के इस साझा प्रयास से ग्रामीण महिलाओं को एक सीधा बाजार (च्संजवितउ) उपलब्ध हुआ है, और उनकी आय में सीधी वृद्धि हो रही है।




# जालसू में कालूराम सामरिया ने किया समारोह का पोस्टर विमोचन




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। जालसू ग्राम पंचायत में स्थित जय बाबा रामदेव मंदिर परिसर में मंगलवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से 8 मार्च को महिला दिवस पर बलाई सभा-भवन मोरीजा रोड़ चौमूं में आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन समिति के उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया के नेतृत्व में किया गया। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया व उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनिवाल ने बताया कि समारोह में प्रशासनिक, शैक्षिक, राजनीतिक व सामाजिक सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य कर रही है, उन सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया ने महिलाओं को समारोह में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने के लिए आह्वान किया। इस दौरान समाजसेवी रामावतार सामरिया, मुन्नी देवी, कमली देवी, प्रेम देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, प्रिया सामरिया, सोहनलाल, पांचूराम, धर्मेंद्र कुमार, सीताराम, मनीष, योगेश, गुड्, सचिन, राहुल, श्रीपाल, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

## 'एक दिन' के पहले ट्रैक के लिए आमिर खान पहुंचे अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद, आमिर खान प्रोडक्शंस ने रिलीज किया स्पेशल वीडियो




आमिर खान के काम करने के खास अंदाज को दिखाते हुए, उन्होंने 'एक दिन' के पहले गाने की रिकॉर्डिंग के लिए खुद अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद का दौरा किया। इसी के साथ 'आमिर खान प्रोडक्शंस' ने एक स्पेशल वीडियो भी रिलीज किया है, जिसमें अरिजीत सिंह की बेहद खूबसूरत आवाज में गाया हुआ यह गाना सुनाई दे रहा है। आमिर खान ने अरिजीत सिंह के रिटायरमेंट की खबरों के बीच उनसे मिलकर उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मनाया। ये सारी अटकलें तब खत्म हुई जब आमिर ने एक पोस्टर शेयर किया और अरिजीत का शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने 'आमिर खान प्रोडक्शंस' की अगली फिल्म 'एक दिन' के लिए अपनी आवाज दी है। इस फिल्म में जुनैद खान और साई पल्लवी लीड रोल में हैं।  अरिजीत और आमिर ने फिल्म के पहले गाने पर साथ मिलकर बारीकी से काम किया है। उनकी इसी मेहनत का नतीजा है 'एक दिन' का यह रूह को छू लेने वाला टाइटल ट्रैक। इसके दिल छू लेने वाले बोल और संगीत इसे प्यार का एक सदाबहार गाना बनाते हैं। गाने के स्पेशल वीडियो में मुर्शिदाबाद के सादगी भरे और प्यारे बिहाइंड-द-सीन  पल दिखाए गए हैं।  आमिर का यह खुद काम में जुट जाने वाला समर्पण एक बार फिर दिखाता है कि उन्हें इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन क्रिएटिव दिमागों में से क्यों गिना जाता है। एक प्रोड्यूसर और अपने बेटे के सफर को सपोर्ट करने वाले पिता के रूप में, पर्दे के पीछे उनकी यह शांत लगन 'एक दिन' को एक अलग ही गहराई देती है, जिससे यह फिल्म और भी ज़्यादा पर्सनल और खास लगने लगती है। 'एक दिन' के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान एक लंबे ब्रेक के बाद फिर से साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक की वापसी हो रही है। इन दोनों ने मिलकर दर्शकों को 'कयामत से कयामत तक', 'जो जीता वही सिकंदर', 'अकेले हम अकेले तुम' और 'जाने तू... या जाने ना' जैसी कभी न भूलने वाली फिल्में दी हैं। ?अब 'एक दिन' के साथ यह जोड़ी वापस रोमांस के जॉनर में लौट रही है, जिससे फैन्स के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट है। इनका एक बार फिर साथ आना लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा रहा है, क्योंकि हर कोई देखना चाहता है कि इस बार ये स्क्रीन पर क्या जादू बिखेरते हैं। 'आमिर खान प्रोडक्शंस' के बैनर तले बनी फिल्म 'एक दिन' में साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं। इस फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है, जबकि आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित इसके प्रोड्यूसर हैं। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## रश्मिका मंदाना ने विजय देवरकोंडा से शादी की खबरों पर मुहर लगाई



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट के जरिए विजय अभिनेता देवरकोंडा से अपनी शादी की पुष्टि की। पिछले कुछ महीनों से मंदाना और देवरकोंडा की शादी को लेकर कई खबरें सामने आई हैं। हालांकि, कई बार सार्वजनिक रूप से साथ दिखने के बावजूद दोनों ने इस खबर की पुष्टि नहीं की थी। मंदाना ने रविवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपने प्रशंसकों और फॉलोअर को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि यह जोड़ा अपने मिलन को विरोश की शादी नाम देना चाहता है। उन्होंने लिखा, हमारे प्रिय लोगो, आप सब हमारे साथ हो। आपने अपने प्रेम से हमें एक नाम दिया, हमें विरोश कहकर पुकारा। इसलिए आज, पूरे दिल से हम अपने इस मिलन को आप के सम्मान में समर्पित करते हैं।

'डांस अक्रॉस द वर्ल्ड' दे रहा लोकनृत्य को नया मंच, रूस की परंपराएं से रुबरू कराएंगी

# शक्ति मोहन



आज के दौर में, जब ग्लोबलाइजेशन के नाम पर लोककलाएं और पारंपरिक नृत्य धीरे-धीरे हाशिए पर जाते दिख रहे हैं, ऐसे समय में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो इन्हें दुनिया के सामने नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसी सोच और जुनून के साथ भारतीय डांस जगत की जानी-मानी कलाकार शक्ति मोहन अपने खास यूट्यूब प्रोजेक्ट 'डांस अक्रॉस द वर्ल्ड' के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक सफर पर निकली हैं। उनका यह सफर सिर्फ देशों की सीमाएं पार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अलग-अलग सभ्यताओं को समझने और उन्हें आज की युवा पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश भी है। हाल ही में शक्ति मोहन ने 'डांस अक्रॉस द वर्ल्ड' का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की समृद्ध और शक्तिशाली लोकनृत्य परंपराओं को एक्सप्लोर करती नजर आईं। इस खास एपिसोड की लॉन्चिंग में उनके करीबी दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस विजन की खुलकर तारीफ की। 'डांस अक्रॉस द वर्ल्ड' को शक्ति मोहन ने ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और कहा, 'मैं इसके जरिए हजारों साल पुरानी लोकनृत्य शैलियों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना चाहती हूं। इस शो का पहला सीजन कई देशों की यात्रा पर आधारित रहा, जहां मैंने अलग-अलग संस्कृतियों के पारंपरिक नृत्यों को न सिर्फ सीखा, बल्कि उन्हें दर्शकों के सामने पेश भी किया।'' शक्ति मोहन ने कहा, 'दुनिया में कई ऐसी नृत्य परंपराएं हैं, जो बेहद सुंदर होने के बावजूद धीरे-धीरे गुमनाम होती जा रही हैं। इन कला रूपों को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें आज के युवाओं के सामने इस तरह पेश किया जाए, जिससे वे उनसे जुड़ाव महसूस करें। मेरे लिए यह शो दिल के बेहद करीब है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपने दो सबसे बड़े प्यार, यानी ट्रैवल और डांस, को एक साथ जीने का मौका मिल रहा है।' रूस के लोकनृत्य को शक्ति मोहन ने अपने करियर के सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'रूसी डांस अपनी तकनीक, गति और भाव-भंगिमा के मामले में बेहद अनोखा है। एक भारतीय डांसर के तौर पर मुझे यह बेहद खास लगा। मुझे भरतनाट्यम 5 जैसी शास्त्रीय नृत्य शैली पसंद है, जिसमें पैरों की जटिल थाप और सटीक मुद्राओं का अहम रोल होता है, जबकि रूसी डांस की भाषा बिल्कुल अलग है। इसी वजह से इसे कम समय में सीखना और मंच पर उतारना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा। 'उन्होंने कहा, ''रूस में मुझे लोगों का अपनापन सबसे ज्यादा यादगार रहा। वहां की एक रूसी कोरियोग्राफर मेरी मेहनत और समर्पण से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने मुझे पारंपरिक हेडगियर गिफ्ट किया। यह तोहफा मेरे लिए दो संस्कृतियों के बीच बने सम्मान और जुड़ाव का प्रतीक है। भले ही भारतीय और रूसी डांस की शैलियां अलग हों, लेकिन उनमें खूबसूरत फ्यूजन की संभावनाएं मौजूद हैं।''

## हनुमान जन्मभूमि अंजनाद्री में 'जय हनुमान' की शुरुआत, माइथ्री मूवी मेकर्स ने किया भव्य पूजन




नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर प्रशांत वर्मा, जिन्होंने 'हनुमान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी, अब इसके सीक्वल 'जय हनुमान' की तैयारी कर रहे हैं। यह 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' का अगला बड़ा चैप्टर है। इस फिल्म को माइथ्री मूवी मेकर्स जैसे बड़े बैनर तले बहुत बड़े लेवल पर बनाया जा रहा है और टी-सीरीज इसे प्रेजेंट कर रही है। नेशनल अवॉर्ड विनर ऋषभ शेट्टी इसमें लीड रोल निभा रहे हैं, जो भगवान हनुमान के रूप में एक बहुत ही पावरफुल और जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाले हैं। नेशनल अवॉर्ड विनर्स का यह जबरदस्त साथ इंडियन सिनेमा के कुछ सबसे बड़े नामों को एक साथ लेकर आया है, जिसने 'जय हनुमान' को देश की सबसे ज्यादा इंतज़ार वाली और क्रेजी फिल्मों में से एक बना दिया है। प्रशांत वर्मा अपनी बोल्ड और नई तरह की कहानियों के लिए जाने जाते हैं।  वहीं, माइथ्री मूवी मेकर्स लगातार ब्लॉकबस्टर फ़िल्में देने का अपना सिलसिला जारी रखे हुए हैं। 'कांतारा चैप्टर 1' के बाद पूरे देश में छाए ऋषभ शेट्टी के इस फिल्म से जुड़ने ने लोगों की उम्मीदों को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है। फिल्म की आज हम्पी (विजयनगर) के अंजनाद्री बेट्टा में एक पारंपरिक और भव्य समारोह के साथ आधिकारिक शुरुआत हुई, यह वही पवित्र जगह है जिसे भगवान हनुमान का जन्मस्थान माना जाता है। टी-सीरीज के हेड भूषण कुमार ने क्लैपबोर्ड बजाया, जबकि अनिल थदानी ने पहले शॉट के लिए कैमरा रोल किया, जिसे 'हनुमान' स्टार तेजा सज्जा ने डायरेक्ट किया। एक खास अंदाज़ में, अनिल थदानी, भूषण कुमार, नवीन येरनेनी और रवि शंकर ने मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट डायरेक्टर प्रशांत वर्मा को सौंपी। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले से ही चल रहा है और इसकी रेगुलर शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। मेकर्स ने पहले ही ऋषभ शेट्टी का भगवान हनुमान के रूप में एक शानदार फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जो इस किरदार की दिव्यता और उनकी शक्ति को बखूबी दिखाता है। इस रोल को पूरी तरह से निभाने के लिए एक्टर अपनी बॉडी पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और एक बड़े फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजर रहे हैं। 'जय हनुमान' को कलियुग की पृष्ठभूमि पर आधारित एक हाई-ऑक्टेन एक्शन एपिक के रूप में तैयार किया गया है। फिल्म यह दिखाती है कि हनुमान जी की चुप्पी उनका मकसद है, न कि हार; उनके अंदर एक ऐसी शक्ति छिपी है जिसका उदय होना तय है। अटूट भक्ति, वफादारी और अमर ताकत का जश्न मनाती यह फिल्म उस महान शक्ति को एक श्रद्धांजलि की तरह पेश करती है जो कभी खत्म नहीं हो सकती।फिल्म को नवीन येरनेनी और वाई रवि शंकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसे बहुत बड़े बजट और टॉप लेवल की तकनीक के साथ बनाया जा रहा है, जो माइथोलॉजी की भव्यता और इमोशनल गहराई के साथ एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म में एक से बढ़कर एक बेहतरीन टेक्निकल टीम जुड़ी हुई है; एम.एम. कीरावनी इसका संगीत दे रहे हैं, एस. तिरुनावुक्कारासु सिनेमैटोग्राफर के रूप में कमान संभाल रहे हैं, और श्रीनगेंद्र थंगाला प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख कर रहे हैं। कास्टः ऋषभ शेट्टी, टेक्निकल क्रूः, राइटर, डायरेक्टरः प्रशांत वर्मा, बैनरः माइथ्री मूवी मेकर्स, प्रोड्यूसरः नवीन येरनेनी और वाई रवि शंकर, प्रेजेंटः टी सीरीज़, डीओपीः एस थिरुनावुक्कारासु,म्यूज़िक डायरेक्टरः एम.एम. कीरवानी प्रोडक्शन डिज़ाइनरः श्रीनगेंद्र थंगाला, पीआरओः वामसी-शेखर, मार्केटिंगः फर्स्टशो

## शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म ओ रोमियो ने 100.10 करोड़ रुपए की कमाई की




शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म ओ रोमियो ने विश्व भर में बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज हुई और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा इसका निर्माण किया गया।इस फिल्म में अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और विक्रांत मैसी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ एक पोस्ट के जरिए बॉक्स ऑफिस के आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर फिल्म ने 100.10 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है, जबकि घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 76.60 करोड़ रुपए की कमाई की।फिल्म की कहानी मुंबई के गैंगस्टर हसीन उस्तरा (शाहिद कपूर) की अफशा (तृप्ति डिमरी) नाम की महिला से प्रेम संबंधों के इर्द-गिर्द घूमती है।

# सरगुन मेहता

## ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम, अफवाह उड़ाने वालों की लगाई क्लास



सोशल मीडिया पर अक्सर सेलेब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर बिना आधार की अफवाहें फैल जाती हैं, जो कि उनकी निजी जिंदगी को परेशान करने लगी हैं। ऐसा ही कुछ कई समय से टीवी-पंजाबी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सरगुन मेहता और उनके पति रवि दुबे के साथ हो रहा था। दरअसल, पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर लगातार यह खबरें फैल रही थीं कि सरगुन मेहता प्रेग्नेंट हैं। इन अफवाहों की वजह से फैंस में काफी उत्साह था, लेकिन कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। अभिनेत्री सरगुन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस मामले पर विराम लगा दिया है। उन्होंने एक नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने खंडन करते हुए लिखा, 'अफवाह फैलाने वालों को तो पिछले 2 साल से मेरी 'प्रेग्नेंसी' के बारे में मुझसे पहले ही सब पता चल जाता है। उनके अनुसार मैं पिछले 2 साल से प्रेग्नेंट हूं। भला, इतनी लंबी प्रेग्नेंसी किसी की होती भी है क्या? 'अभिनत्री ने आगे लिखा, 'प्लीज शांत रहें और बिना किसी आधार की खबरें फैलाना बंद करें। कोई भी खबर फैलाने से पहले हमसे या हमारी टीम से एक बार पूछ लेना ज्यादा मुश्किल नहीं है, ताकि सही जानकारी सामने आ सके। 'अभिनेत्री सरगुन मेहता ने नोट शेयर कर लिखा, 'आपको ऐसी प्रेग्नेंसी के बारे में कैसे पता चल गया, जिसके बारे में मुझे और रवि को ही कोई जानकारी नहीं है? प्लीज ऐसी अफवाहें फैलाना बंद करें। 'अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद कई यूजर्स और दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री गौहर खान ने कमेंट बॉक्स में हाथ जोड़ते हुए प्रतिक्रिया दी, तो सरगुन के पति रवि दुबे ने लिखा, 'क्या कैप्शन है। 'सेलेब्स को अपनी निजी जिंदगी को लेकर बार-बार ऐसे झूठे दावों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले कई सेलेब्स इस तरह की झूठी अफवाहों का सामना कर चुके हैं। अभिनेत्री रीम शेख की भी शादी की खबरें उड़ी थीं। दरअसल, लाफ्टर ज्वाइन करने से पहले उनका नाम कंटेंट क्रिएटर कृष गुप्ता के साथ जुड़ा था। साथ ही, यह दावा भी किया गया था कि वे जल्द ही उनसे शादी करने वाली हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए इस पर प्रतिक्रिया दी थी।

## खाने के भी नहीं थे पैसे, फ्लॉप होने पर दर्द बयां किया इस एक्टर ने

आमिर अली टीवी के जाने-माने एक्टर हैं।  शो F.I.R से उन्हें घर-घर में खास पहचान मिली। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि आमिर टीवी पर डेब्यू करने से पहले फिल्मों में अपना लक आजमा चुके थे। हालांकि, उन्हें बॉलीवुड में कामयाबी नहीं मिली, जिसके बाद उन्हें टीवी का रुख करना पड़ा था। आमिर अली ने अपने स्ट्रगल के दिनों पर बात की है। आमिर ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें लगता था कि फिल्में ही उनकी असली मंजिल हैं। लेकिन जब उन्हें फिल्मों से टीवी का रुख करना पड़ा तो उन्हें वो 'हार' जैसा लगा था। आमिर ने बताया कि जब उनका फिल्मी करियर नहीं चला तो फिल्मों से टीवी की ओर रुख करने पर वो इमोशनली टूट गए थे। एक्टर ने बताया कि उस समय उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी और कुछ फिल्में करने के बाद उन्हें लगा था कि वो कामयाब हो चुके हैं। लेकिन चीजें वैसी नहीं चलीं, जैसा उन्होंने सोचा था। आमिर अली ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा- मैं जिन मेकर्स के साथ काम कर रहा था, वो सभी बहुत सीरियस थे। लेकिन मैं अपने पहले टेलीविजन शो के दौरान सीरियस नहीं था, क्योंकि मैं टीवी करना ही नहीं चाहता था। मेरे लिए, टीवी करना एक अभिनेता के रूप में मेरा अंत था. मैंने फिल्में कीं, लेकिन वो रिलीज ही नहीं हुईं। मेरे पास खाना खाने तक के पैसे नहीं थे। मुझे घर की देखभाल करनी होती थी। मैंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी, क्योंकि मुझे लगा था कि 2-3 फिल्में करने के बाद मैं 'सफल' हो चुका हूं. लेकिन मैं गलत था।



(साभार एजेंसी)


**टी-20 वर्ल्ड कप**

# इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड, ऐसा है पिछले 5 मैचों का परफॉर्मेंस

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के अपने-अपने दूसरे सुपर एट्स मुकाबले में स्पिन के दबदबे वाले मैच के लिए तैयार हैं। पिच से स्लो बॉलर्स को मदद मिलने की उम्मीद है। 2022 के चैंपियन इंग्लैंड ने अभी तक अपनी पूरी क्षमता नहीं दिखाई है, लेकिन सुपर 8 में वह अब तक हारा नहीं है। डिफेंडिंग टीम ने श्रीलंका पर 51 रन की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। इस जीत से उनके नेट रन रेट में काफी सुधार हुआ और वे ग्रुप स्टैंडिंग में टॉप पर पहुंच गए।

इंग्लैंड को कंडीशंस की जानकारी होने का भी फायदा है। उन्होंने हाल ही में इस महीने की शुरुआत में इसी जगह पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया था और इससे पहले उन्होंने हाल ही में खत्म हुए सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले साइकोलॉजिकल बढ़त मिली है। इस बीच पाकिस्तान अलग-अलग तरह के स्पिन अटैक के साथ पिच के धीमे नेचर का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। टीम के पास उस्मान तारिक का शानदार मिस्ट्री स्पिन है जिसे सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे टैलेंटेड गेंदबाज़ों का साथ मिला है।

कुल मिलाकर पाकिस्तानी गेंदबाज इंग्लैंड की बैटिंग लाइनअप के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि खेल के आखिरी स्टेज में पिच और धीमी होने की संभावना है। गेंदबाजों के पक्ष में हालात होने के कारण यह मुकाबला एक टैक्टिकल लड़ाई होने की उम्मीद है, जिसमें स्पिन की महारत नतीजा तय कर सकती है।




**इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड**

कुल मैच - 31
इंग्लैंड - 21 जीत
पाकिस्तान - 9 जीत
कोई नतीजा नहीं - एक

**पिछले 5 मैचों में दोनों टीमों का प्रदर्शन**

इंग्लैंड - 4 जीत
पाकिस्तान - 3 जीत

**टीम**

**इंग्लैंड** - हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल सॉल्ट, जैकब बेथेल, सैम करन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टंग, ल्यूक वुड।

**पाकिस्तान** - सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

## जब आप ज्यादा स्मार्ट बनते हैं, अक्षर पटेल को ड्रॉप करने पर आजिंक्य रहाणे ने जमकर सुनाया




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीते 22 फरवरी को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर 8 का मुकाबला खेला गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हरा दिया। इस मैच में टीम इंडिया ने एक बहुत बड़ा बदलाव किया था। उपकप्तान अक्षर पटेल को प्लेइंग 11 से ड्रॉप कर दिया गया था जबकि उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत का यह मूव उनको बैकफायर कर गया। सुंदर मुकाबले में पूरी तरह से फ्लॉप रहे। इतने बड़े मैच में अक्षर को ड्रॉप करने पर अब भारतीय टीम मैनेजमेंट की जमकर आलोचना हो रही है। इसी मामले पर भारतीय दिग्गज अजिंक्य रहाणे ने भी बड़ा बयान दिया है।

### शानदार गेंदबाजी कर रहे अक्षर

अक्षर पटेल ने अब तक इस वर्ल्ड कप में अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। इसके अलावा बैटिंग में पटेल को उतना मौका नहीं मिला। अक्षर तूफानी अंदाज से बैटिंग भी करना जानते हैं, यह हमने कई बार देखा है। इसके अलावा अक्षर पटेल अनुभवी खिलाड़ी हैं और टीम के उपकप्तान भी। वह बतौर लीडर भी खेल में योगदान दे सकते थे। भारत जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में उनको वापस प्लेइंग 11 में लाने की जरूर सोच सकता है।

**वैभव सूर्यवंशी के लिए बिहार सरकार ने खोला खजाना**

# 19 वर्ल्ड कप जीत के बाद मिला 50 लाख का इनाम

**पटना (एजेंसी)।** अंडर-19 विश्वकप 2026 के फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर भारत को खिताब दिलाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को बिहार सरकार ने बड़ा सम्मान दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को उन्हें 50 लाख रुपये का चेक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे।

**बिहार के लिए गौरव का क्षण-** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से बिहार और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, अंडर-19 विश्वकप में भारत की जीत में बिहार के इस खिलाड़ी की अहम भूमिका रही है। वैभव राज्य के बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।




**टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय-** वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 विश्वकप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे।

**7 मैचों में 439 रन**

| | |
|---|---|
| औसत | 62.71 |
| स्ट्राइक रेट | 169.50 |

1 शतक और 3 अर्धशतक
41 चौके और 30 छक्के

उनका प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार रहा और उन्होंने कई मैचों में टीम को जीत दिलाई।

**ऐतिहासिक पारी**

फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम को 100 रन से हराया। इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली।

# 'हार गए लेकिन वापसी करेंगे'

**सुपर-8 में शिकस्त के बाद बीसीसीआई का टीम इंडिया पर भरोसा कायम**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने टीम पर पूरा भरोसा जताया है और कहा है कि टीम इंडिया मजबूती से वापसी करेगी।

- **दक्षिण अफ्रीका का दमदार प्रदर्शन-** दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। शुरुआत में 20 रन पर 3 विकेट गंवाने के बावजूद टीम ने शानदार वापसी की। डेविड मिलर (35 गेंदों पर 63 रन) और डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन) के बीच 97 रन की साझेदारी ने पारी को संभाला। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स की तेज पारी ने स्कोर को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया।

**● जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से पहले सूर्यकुमार का बड़ा बयान**

# उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी करेंगे



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की हार झेलने के बाद टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ कहा है कि एक हार से टीम अपनी खेलने की शैली नहीं बदलेगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मिली इस बड़ी शिकस्त के बाद भारत का नेट रन रेट काफी गिर गया है और अब सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। टीम अब चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' मुकाबला खेलेगी।

**वही ब्रांड, कुछ नहीं बदलेगा** - मैच के बाद प्रस्तुति समारोह में सूर्यकुमार ने कहा- उम्मीद है हम अच्छी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग करेंगे। चीजें सरल रखेंगे और वही ब्रांड का क्रिकेट खेलेंगे जो हम खेलना चाहते हैं। एक मैच से कुछ नहीं बदलता। हम मजबूत वापसी करेंगे।

**पावरप्ले में हार गई टीम इंडिया?**

भारत 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 111 रन पर ऑलआउट हो गया। सूर्यकुमार ने माना कि पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया भारी पड़ गया।

उन्होंने कहा कि 180-185 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पावरप्ले में जीता नहीं जा सकता, लेकिन वहीं हारा जरूर जा सकता है। शुरुआती ओवरों में ज्यादा विकेट गिरने से टीम छोटी-छोटी साझेदारियां नहीं बना सकी, जो बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए जरूरी थीं। -

**प्लेइंग इलेवन में हो सकते हैं बदलाव** - हार के बाद कोचिंग स्टाफ-रयान टेन डोशेटे और सितांशु कोटक- ने संकेत दिए हैं ।

## फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2027 फिर वाइसेनहाउस में होगी

**हैम्बर्ग, जर्मनी (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फ़ीडे) और फ्रीस्टाइल शतरंज संगठन के बीच हुए समझौते के अनुसार वर्ष 2027 की फिडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप एक बार फिर जर्मनी के वाइसेनहाउस में आयोजित की जाएगी। वर्ष 2026 में पहली बार आधिकारिक रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता की सफलता के बाद इसे उसी स्थल पर दोबारा कराने का निर्णय लिया गया है।महिला फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप फरवरी 2027 के पहले सप्ताहांत में तीन दिनों तक खेली जाएगी, जबकि ओपन वर्ग की फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप फरवरी के दूसरे सप्ताहांत में आयोजित होगी। दोनों प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर के अनुरूप निर्धारित किया गया है।वर्ष 2026 में मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) ने खिताब जीता है और फाइनल में फैबियानो कारुआना (अमेरिका) को पराजित किया था। दोनों खिलाड़ी 2027 संस्करण के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। तीसरे स्थान पर रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज़्बेकिस्तान) को भी सीधा प्रवेश मिला है। महिला वर्ग में 2026 के प्रदर्शनी मुकाबले की विजेता बिबिसारा अस्साउबायेवा (कज़ाख़स्तान) ने 2027 महिला विश्व चैम्पियनशिप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।फ़ीडे अध्यक्ष अर्कादी द्वोरकोविच ने कहा कि वाइसेनहाउस में लगातार आयोजन से इस प्रारूप को स्थिरता और संस्थागत मजबूती मिलेगी। आयोजकों के अनुसार यह निर्णय फ्रीस्टाइल शतरंज को विश्व चैम्पियनशिप संरचना में स्थायी पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्वालीफिकेशन चक्र का अगला चरण अप्रैल 2026 में जर्मनी में आयोजित होने वाला ग्रेंके फ्रीस्टाइल शतरंज ओपन होगा, जिसे पहली बार आधिकारिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता का दर्जा दिया गया है। देखना होगा की क्या भारत से कोई खिलाड़ी अगले वर्ष विश्व खिताब की दौड़ में शामिल होगा ।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

# जम्मू-कश्मीर के सामने स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की बड़ी चुनौती

**हब्बल्ली (एजेंसी)।** 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम की कहानी संघर्ष और जुनून से भरी है। लेकिन खिताब जीतने के लिए उसे आठ बार की चैंपियन कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ बड़ा चमत्कार करना होगा। मुकाबला मंगलवार से केएससीए स्टेडियम में शुरू होगा।



### कर्नाटक क्यों है प्रबल दावेदार?

कर्नाटक को फेवरेट सिर्फ उसके इतिहास की वजह से नहीं माना जा रहा, बल्कि इस सीजन में उसके लगातार शानदार प्रदर्शन ने यह तमगा दिलाया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ धीमी शुरुआत के बाद टीम ने शानदार वापसी की।

**जम्मू-कश्मीर की गेंदबाजी बनेगी असली परीक्षा** - जम्मू एण्ड कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए सबसे बड़ी ताकत उनकी गेंदबाजी है, जिसकी अगुवाई तेज गेंदबाज आकिब नबी कर रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में 55 विकेट लिए हैं। शुरुआती दिनों में पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है, जो मुकाबले को रोचक बना सकती है।

- **कर्नाटक की गेंदबाजी भी कम नहीं** - कर्नाटक की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा कर रहे हैं। उनके साथ विद्वथ कावेरेप्पा, विद्याधर पाटिल, व्यासख विजयकुमार और शिखर शेट्टी ने भी सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है।
- **श्रेयस गोपाल - टीम के संकटमोचक** - इस सीजन में एक खिलाड़ी सबसे अलग नजर आए हैं श्रेयल गोपाल लेग स्पिनर गोपाल ने 46 विकेट लेने के साथ 442 रन भी बनाए हैं। ऑलराउंड प्रदर्शन से उन्होंने कई मौकों पर टीम को मुश्किल से उबारा है। पूर्व कप्तान आर विनय कुमार ने भी उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ की है।
- **बड़े मैच का अनुभव कर्नाटक के पास** - राहुल, करुण, श्रेयस और मयंक 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। बड़े मैचों का अनुभव कर्नाटक के लिए बड़ा प्लस प्वाइंट है। वहीं जम्मू-कश्मीर के पास कप्तान पारस डोगरा का अनुभव है।

## कतर ओपन 2026- कार्लोस अल्काराज ने 50 मिनट में जीता खिताब

**दोहा (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक टेनिस स्टार कार्लेस अल्काराज ने कतर ओपन 2026 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्थर फिल्स को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला महज 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ पूरी तरह हावी रहे।

**2026 में जीत का अटूट सिलसिला** - इस जीत के साथ ही अल्काराज़ ने 2026 में लगातार 12 मैच जीतने का रिकॉर्ड कायम रखा है। इससे पहले वह इस साल आस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था और चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। उस ऐतिहासिक उपलब्धि के महज 20 दिन बाद उन्होंने दोहा में एक और ट्रॉफी जोड़ ली।

**टूर खिताबों की संख्या पहुंची 26** - दोहा में खिताब जीतने के साथ ही अल्काराज़ के करियर के टूर-स्तरीय खिताबों की संख्या अब 26 हो गई है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक सर्विस, सटीक ग्राउंड



स्ट्रोक और बेहतरीन मूवमेंट का प्रदर्शन किया, जिससे फिल्स को वापसी का कोई मौका नहीं मिला।

**अल्काराज़ ने क्या कहा** - खिताब जीतने के बाद अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत शानदार रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बरकरार रखना चाहता हूं।

**आईपीएल 2026**

**● रिपोर्ट में दावा- सभी मैच खेलेंगे या नहीं, टूर्नामेंट के समय तय किया जाएगा**

# धोनी सीएसके के लिए कुछ मैच खेलेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 के सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी इस साल जुलाई में 45 साल के हो जाएंगे। सीएसके के मैनेजमेंट ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे कुछ मैचों से ब्रेक ले सकते हैं। सीएसके के एक टॉप सोर्स के हवाले से मीडिया ने बताया, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि धोनी चेन्नई आ रहे हैं और उन्होंने इस सीजन के लिए अपनी उपलब्धता स्पष्ट कर दी है। वे सभी मैच खेलेंगे या नहीं, यह फिलहाल कहना मुश्किल है।

- **संजू सैमसन के आने से विकेटकीपिंग का विकल्प खुला-** इस बार चेन्नई सुपर किंग्स के स्काड में संजू सैमसन की एंट्री हुई है। सैमसन के आने से टीम के पास विकेटकीपिंग के मजबूत विकल्प मौजूद हैं। मैनेजमेंट की योजना है कि जिन मैचों में धोनी को आराम दिया जाएगा, वहां सैमसन ग्लव्ज संभालेंगे। धोनी पिछले कुछ समय से घुटने और पीठ की समस्या से जूझते रहे हैं। ऐसे में 45 की उम्र में हर मैच में विकेटकीपिंग करना उनके शरीर के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। संजू के अलावा टीम में टीम में उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा विकेटकीपर के तौर पर शामिल है। कार्तिक को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्हें शिवम दुबे के साथ फिनिशर के रूप में तैयार किया जा रहा है।



- **इम्पैक्ट प्लेयर रूल का मिल सकता है फायदा-** पिछले सीजन की तरह इस बार भी धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नजर आ सकते हैं। वे निचले क्रम में आकर फिनिशर की भूमिका निभाते रहे हैं। फिट रहने के लिए उन्होंने अपनी बैटिंग को कुछ खास ओवरों तक ही सीमित रखा है। टीम मैनेजमेंट चाहता है कि धोनी मैदान पर रहें, भले ही वे सिर्फ आखिरी के कुछ ओवरों में बैटिंग करें या मेंटर की तरह टीम को गाइड करें।
- **चेपॉक के हर होम गेम में दिखने की उम्मीद-** धोनी का चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और वहां के फैंस के साथ एक इमोशनल रिश्ता है। सूत्रों का कहना है कि धोनी कोशिश करेंगे कि वे चेन्नई में होने वाले सभी होम मैच जरूर खेलें। फैंस के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी वैसी ही है और उनके मैदान पर कदम रखते ही पूरा स्टेडियम 'धोनी-धोनी' के नारों से गूंज उठता है। टीम में उर्वील पटेल और कार्तिक शर्मा जैसे युवा विकेटकीपर भी शामिल हैं, जो बैकअप के तौर पर तैयार रहेंगे।
- **पिछले आईपीएल मैच के दौरान संन्यास की हुई थी चर्चा-** पिछले आईपीएल सीजन में जब उनके पेरेंट्स स्टेडियम में मैच देखने पहुंचे तो उनके संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी। पेरेंट्स के साथ उनकी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी थी। मैच के बाद सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि धोनी के संन्यास के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। धोनी के पेरेंट्स 20 साल बाद उनका कोई मैच देखने पहुंचे थे। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के निवेश केंद्रित संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठकें

» सिंगापुर/लखनऊ, भाषा।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर के निवेश-केंद्रित संस्थानों के साथ सोमवार को बैठकें कीं और अपने राज्य में संप्रभु निवेश भागीदारी के अवसरों पर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री 23-24 फरवरी तक सिंगापुर की यात्रा पर हैं। उन्होंने डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स हब, नवीकरणीय ऊर्जा एवं औद्योगिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश में संप्रभु निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि राज्य की नीतिगत रूपरेखा और वैश्विक निवेशकों के लिए फास्ट-ट्रैक (त्वरित) मंजूरी व्यवस्था का उल्लेख किया। उन्होंने लिखा, आज सिंगापुर में जीआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लिम चाउ कियात और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बैठक हुई।**



योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक संस्थागत निवेश के अवसरों, विशेषकर अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक पार्क और सतत शहरी विकास परियोजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में जीआईसी की मौजूदा साझेदारियों की सराहना की जिनमें गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में आईआरबी के साथ उसकी भागीदारी और राज्य में ग्रीनको के साथ सहयोग शामिल है। योगी ने डीबीएस ग्रुप की मुख्य कार्यपालक अधिकारी टैन सु शान और उनके वरिष्ठ नेतृत्व दल के साथ भी बैठक की। उन्होंने एक्स पर लिखा, वित्तीय सहयोग को मजबूत करने, परियोजना वित्तपोषण को सुगम बनाने और उत्तर प्रदेश में अवसंरचना एवं विकास क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को समर्थन देने पर चर्चा हुई। डीबीएस की भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है और यह विश्व की तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्थाओं में सक्रिय प्रमुख सिंगापुरी व्यावसायिक समूहों में से एक है। उन्होंने साथ ही सिंगापुर में टेमासेक के चेयरमैन तेओ ची हीन और उनके दल के साथ हुई बैठक का भी उल्लेख किया। योगी ने कहा कि डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स हब, नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक अवसंरचना में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई और राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों को प्रस्तुत किया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, टेमासेक के पास करीब 400 अरब अमेरिकी डॉलर का वैश्विक खंड है जिसमें से लगभग 50 अरब अमेरिकी डॉलर भारत में निवेशित हैं। लखनऊ में जारी बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने टेमासेक को उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया, विशेष रूप से अवसंरचना, लॉजिस्टिक, वित्तीय प्रौद्योगिकी आधारित शहरी विकास और संबद्ध क्षेत्रों में..। बातचीत के दौरान, टेमासेक ने बताया कि कंपनी, मणिपाल हॉस्पिटल्स, गाजियाबाद में लगभग 500 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। टेमासेक की एक अन्य कंपनी एस्सेंडस राज्य में लॉजिस्टिक्स व गोदाम सुविधाओं के विकास के लिए करीब 500 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश के भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन के दृष्टिकोण के अनुरूप डेटा सेंटर एवं कौशल विकास जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा था कि उनकी यह यात्रा भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) के खाके के अनुरूप है, जिसमें आर्थिक सहयोग, डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, संपर्क एवं उन्नत विनिर्माण जैसे प्राथमिक स्तंभ शामिल हैं। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री सिंगापुर के राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, जनशक्ति मंत्री टैन सी लेंग तथा सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगरत्नम शामिल हैं। सोमवार शाम मुख्यमंत्री वन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलेंगे, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद भारतीय मूल के लोगों और उन सिंगापुरी नागरिकों के साथ संवाद होगा जिनके पूर्वज उत्तर प्रदेश से जुड़े रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सिंगापुर तथा जापान की चार दिवसीय यात्रा पर हैं जहां वह उत्तर प्रदेश को भारत के विनिर्माण केंद्र के रूप में प्रस्तुत करेंगे और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करेंगे।

### राजा ने नई सरकार को अनिश्चितता के दौर में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं

# नीदरलैंड में रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई गठबंधन सरकार को शपथ दिलाई गई


» द हेग, भाषा।

**नीदरलैंड के राजा विलेम एलेक्जेंडर ने रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई अल्पमत गठबंधन सरकार को सोमवार को शपथ दिलाई। जेटेन (38) नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पमत की वजह से उन्हें चार साल का कार्यकाल पूरा करने और विभिन्न विधेयकों को पारित कराने के लिए कई मोर्चों पर समझौता करना पड़ सकता है। जेटेन तीन दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हैं। इसमें उनकी मध्यमार्गी डी66 पार्टी, मध्य-दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेट पार्टी और पीपुल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी शामिल है। नीदरलैंड की संसद के 150 सदस्यीय निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के महज 66 सदस्य हैं।**



ऐसे में जेटेन को अपनी सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्येक कानून के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते विपक्षी सांसदों को भरोसे में लेना होगा। राजा विलेम एलेक्जेंडर ने आम चुनाव के 117 दिन बाद जेटेन और उनकी सरकार के मंत्रियों को द हेग स्थित शाही महल के ऑरेंज हॉल में शपथ दिलाई। राजा ने नई सरकार को अनिश्चितता के दौर में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पर्यावरण समूह एक्सटिंक्शन रिबेलियन के प्रदर्शनकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान महल के द्वार के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया और जब नए मंत्री औपचारिक तस्वीर के लिए महल की सीढ़ियों पर खड़े हुए तो उन्होंने सायरन बजाए। जेटेन के सोमवार को अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक आयोजित करने की योजना है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के रूप में काम करने का अवसर मिलना एक बहुत बड़ा सम्मान है। जेटेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चार साल पूरे होने से एक दिन पहले शपथ ग्रहण की है। प्रधानमंत्री ने रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को नीदरलैंड के मजबूत समर्थन की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के इस दौर में वह नीदरलैंड्स की सेना को मजबूत करने के लिए खर्च बढ़ाना जारी रखेंगे। जेटेन नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के और पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले देश का सबसे कम उम्र का प्रधानमंत्री होने का रिकॉर्ड रुड लुब्बर्स के नाम दर्ज था, जिन्होंने 1982 में 43 साल की उम्र में पद की शपथ ली थी। जेटेन सोशल मीडिया पर अपने पार्टनर निकोलस कीनन के साथ ली गई तस्वीरें अक्सर करते हैं। कीनन अर्जेंटीना के मशहूर हॉकी खिलाड़ी हैं, जो 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा थे।

# यदि टैरिफ इतना ही अच्छा विचार है, तो ट्रंप को संसद से मंजूरी लेनी चाहिए: नील कात्याल



**वाशिंगटन, भाषा।** भारतीय मूल के अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल नील कात्याल ने कहा कि यदि ट्रंप के टैरिफ (शुल्क) वास्तव में इतने अच्छे विचार हैं, तो उन्हें इन्हें लागू कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को मनाने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कात्याल ने कहा कि अमेरिकी संविधान के अनुसार इतने व्यापक शुल्क उपायों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति को विधाई स्वीकृति (कांग्रेस की मंजूरी) अवश्य लेनी चाहिए। कात्याल की यह टिप्पणी शुक्रवार को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा ट्रंप के आपातकालीन शक्तियों के तहत लगाए गए व्यापक वैश्विक शुल्क को रद्द करने के बाद आई है। इन शुल्कों में, अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लगाने के लिए ट्रंप द्वारा आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करना अवैध था। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल के रूप में सेवा दे चुके कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से दायर शुल्क मामले की पैरवी की और मुकदमा जीता। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, भारतीय मूल के वकील ने कहा कि अगर ट्रंप प्रशासन का मानना है कि व्यापक शुल्क आवश्यक हैं, तो उपयुक्त संवैधानिक तरीका यह होगा कि आपातकालीन प्रावधानों का सहारा लेने के बजाय प्रस्ताव को चर्चा और मंजूरी के लिए अमेरिकी संसद में रखा जाए। कात्याल का जन्म 1970 में शिकागो में हुआ था। उनकी मां एक शिशु रोग विशेषज्ञ हैं और पिता एक इंजीनियर थे। उनके माता-पिता दोनों भारत से अमेरिका आए प्रवासी (इमिग्रेंट) थे। उन्होंने शुल्क लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने के ट्रंप प्रशासन के कदम के कानूनी आधार पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के लिए 15 प्रतिशत वाले विधान (धारा 122) का सहारा लेना मुश्किल होगा क्योंकि पूर्व के एक मामले में न्याय विभाग स्वयं यह दलील दे चुका है कि यह कानून व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं पर लागू नहीं होता।

## योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर यात्रा: यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप राज्य में करेगा 6,650 करोड़ रुपए का निवेश



**सिंगापुरलखनऊ, भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर यात्रा के पहले दिन यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप ने राज्य में कुल 6,650 करोड़ रुपए के निवेश के लिए तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री 23-24 फरवरी तक सिंगापुर की यात्रा पर हैं। राज्य सरकार द्वारा लखनऊ में जारी बयान के मुताबिक ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में होंगे। इन परियोजनाओं से रोजगार के 20 हजार से अधिक अवसर उत्पन्न होंगे। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने निवेशकों को उत्तर प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, बेहतर संपर्क और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक ढांचे से अवगत कराया। साथ ही समूह को डेटा सेंटर स्थापना के लिए लखनऊ आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों के अनुसार सिंगापुर यात्रा के पहले दिन हुए ये तीन एमओयू प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, शहरी विकास को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली परियोजना के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) क्षेत्र में जेवर हवाई अड्डे के करीब 100 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाउनशिप विकसित की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना में 3500 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इसके धरातल पर उतरने के साथ ही लगभग 12000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्र को नई पहचान देने जा रही इस परियोजना को 2027 में शुरू किए जाने की योजना है। बयान के मुताबिक दूसरी परियोजना कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 50 एकड़ भूमि में लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना में 650 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 7500 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इसको भी 2027 में शुरू किए जाने की योजना है और यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश की औद्योगिक तथा निर्यात गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बयान के अनुसार, तीसरी परियोजना के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना में 2500 करोड़ रुपए का निवेश होगा और करीब 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

# बीबीसी, बाफ्टा पुरस्कार के आयोजक ने टॉरेट सिंड्रोम से पीड़ित दर्शक की नस्ली टिप्पणी पर माफी मांगी

**लंदन, भाषा।** ब्रिटिश एकेडमी फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कारों के दौरान टॉरेट सिंड्रोम से पीड़ित एक दर्शक के नस्ली टिप्पणी करने को लेकर ब्रिटिश फिल्म अकादमी और बीबीसी ने दर्शकों से माफी मांगी है। रविवार रात आयोजित पुरस्कार समारोह में जब सिनर्स के अभिनेता माइकल बी जॉर्डन और डेलरॉय लिंडो सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट श्रेणी के पुरस्कार दे रहे थे, तब दर्शक दीर्घा में बैठे एक दर्शक ने बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की। समारोह के दौरान प्रस्तोता एलन कमिंग ने दर्शकों को बताया था कि आयोजन में उपस्थित अतिथियों में जॉन डेविडसन शामिल हैं, जो टॉरेट सिंड्रोम से पीड़ित लोगों के लिए काम करने वाले एक स्कॉटिश कार्यकर्ता हैं और बाफ्टा-नामांकित फिल्म आई स्वियर उन्हीं के जीवन से प्रेरित है। टॉरेट सिंड्रोम तंत्रिका तंत्र संबंधी एक विकार है, जिसमें पीड़ित एक ही हरकत बार-बार दोहराता है, अजीब आवाजें निकालता है और कई बार अनुचित शब्दों का उच्चारण भी करता है। विवाद के बाद कमिंग ने लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में मौजूद दर्शकों से कठोर और आपत्तिजनक भाषा के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, टॉरेट सिंड्रोम एक तरह की दिव्यांगता है और आज रात आपने जो टिक्स सुने, वे अनैच्छिक थे, जिसका अर्थ है कि टॉरेट सिंड्रोम से पीड़ित व्यक्ति का अपनी भाषा पर कोई नियंत्रण नहीं होता। अगर आपको ठेस पहुंची हो, तो हम माफी चाहते हैं। बाफ्टा ने भी कमिंग की टिप्पणी दोहराई। लाइव कार्यक्रम के लगभग दो घंटे बाद जब बीबीसी ने समारोह का प्रसारण किया तो उसमें यह अपशब्द सुनाई दिया। बीबीसी ने सोमवार को माफी मांगी।

## न्यूज ब्रीफ

## नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, अप्रैल तक उड़ान टली



» केप कैनवेरल (अमेरिका), भाषा।

**नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की।**

प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के व्हीकल असेंबली बिल्डिंग में वापस ले जाना आवश्यक है। एजेंसी ने कहा कि अप्रैल में प्रक्षेपण के प्रयास के लिए तैयारियां की जा रही हैं, हालांकि यह मरम्मत की प्रगति पर निर्भर करेगा। आर्टेमिस द्वितीय मिशन के लिए चुने गए तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री फिलहाल ह्यूस्टन में हैं और अंतरिक्षयात्रा की तैयारियां कर रहे हैं। वे 1968 से 1972 के बीच 24 अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा तक भेजने वाले नासा के अपोलो कार्यक्रम के बाद चंद्रमा की ओर उड़ान भरने वाले पहले मानव होंगे।

## हांगकांग की अदालत ने राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में कई कार्यकर्ताओं की सजा को बरकरार रखा

» हांगकांग, भाषा।

**हांगकांग की एक अदालत ने बीजिंग द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत शहर के सबसे बड़े मामले से जुड़ीं सभी अपील सोमवार को खारिज कर दीं। यहां 47 कार्यकर्ताओं पर 2021 में अनौपचारिक प्राइमरी चुनाव में शामिल होने के लिए तबाही की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। कुछ सक्रिय कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाने से शहर के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को कमजोर कर दिया गया। लोकतंत्र समर्थक यह आंदोलन 2019 में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के साथ चरम पर था।**

इसके तहत 2024 में 45 लोगों को चार साल से लेकर 10 साल तक की सजा सुनाई गई और विदेशी सरकारों तथा मानवाधिकार समूहों ने इस सजा की आलोचना की। अपनी सजा के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले 11 कार्यकर्ताओं की अपील खारिज कर दी गई। इनमें पूर्व सांसद लेउंग क्वोक-हंग, लैम चेउक-तिंग, रेमंड चान और हेलेना वोंग शामिल थे। लोकतंत्र समर्थक पूर्व डिस्ट्रिक्ट काउंसिलर लॉरेंस लाउ समेत दो कार्यकर्ताओं को इस मामले में बरी कर दिया गया। अभियोजन पक्ष की अपील के बाद न्यायाधीशों ने उनके बरी होने के फैसले को बरकरार रखा।

## नेपाल के धाडिंग में बस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत

**काठमांडू, भाषा।** नेपाल के धाडिंग जिले में गजुरी के पास रविवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता बिष्णु प्रसाद भट्ट के अनुसार, पोखरा से काठमांडू आ रही बस रविवार देर रात डेढ़ बजे काठमांडू से करीब 90 किलोमीटर पश्चिम में पृथ्वी राजमार्ग पर त्रिशूली नदी में जा गिरी, जिससे कई यात्री हताहत हो गए। भट्ट ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 17 शव बरामद किए गए हैं और बस से 28 घायल यात्रियों को निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव कार्य में नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के कर्मियों को लगाया गया है। हादसे में मारे गए लोगों में एक पुरुष यात्री न्यूजीलैंड का था। घटना में घायल लोगों में जापान और नीदरलैंड की एक-एक महिला शामिल है। पुलिस ने कहा कि हादसे का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

# मेक्सिको की सेना की कार्रवाई में कुख्यात गिरोह का सरगना मारा गया

» मेक्सिको सिटी, भाषा।

**मेक्सिको की सेना ने जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के नेता नेमेसीओ रूबेन ओसेगुएरा सर्वांतेस एल मेंचो को रविवार को मार गिराया, जिससे देश का सबसे ताकतवर बन चुका गिरोह नेतृत्वविहीन हो गया। इसी के साथ मेक्सिको को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को अपने प्रयास दिखाने का बड़ा मौका मिला। मेक्सिको के रक्षा विभाग ने बयान में बताया कि ओसेगुएरा सर्वांतेस को पकड़ने के लिए जलिस्को राज्य के तापाल्पा में रविवार को चलाए गए अभियान में वह घायल हो गया और मेक्सिको सिटी ले जाए जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। बयान में कहा गया कि यह राज्य फेंटानिल और अन्य मादक पदार्थों की भारी मात्रा में अमेरिका में तस्करी करने वाले गिरोह का गढ़ है।**

बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी हुई और मौके पर चार लोगों को मार गिराया गया। इसमें बताया गया कि ओसेगुएरा सर्वांतेस सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए और बाद में उनकी भी मौत हो गई। बयान में बताया गया कि दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया और बख्तरबंद वाहन, रॉकेट लॉन्चर तथा अन्य हथियार



जब्त किए गए। इस अभियान के दौरान सशस्त्र बलों के तीन सदस्य घायल हुए हैं और उनका उपचार किया जा रहा है। मेक्सिको में अमेरिका दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह अभियान मेक्सिको के विशेष बलों ने द्विपक्षीय सहयोग के ढांचे के तहत चलाया और इस दौरान अमेरिका के अधिकारियों ने पूरक खुफिया जानकारी मुहैया कराई।सर्वांतेस की मौत के बाद जलिस्को और अन्य राज्यों में कई घंटे तक सड़कें बाधित किए जाने और वाहनों में आगजनी किए जाने की घटनाएं हुईं। सैन्य अभियानों को रोकने के लिए गिरोह आमतौर पर ऐसी रणनीति अपनाते हैं।

### मेक्सिको में ड्रग माफिया के मारे जाने के बाद भारतीय दूतावास ने परामर्श जारी किया

**मेक्सिको सिटी, भाषा।** मेक्सिको में सैन्य कार्रवाई में जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के सरगना नेमेसीओ रूबेन ओसेगुएरा सर्वांतेस एल मेंचो के मारे जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने देश में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मेक्सिको की सेना ने नेमेसीओ रूबेन ओसेगुएरा सर्वांतेस एल मेंचो को रविवार को मार गिराया, जिससे देश का सबसे ताकतवर बन चुका गिरोह नेतृत्वविहीन हो गया। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मेक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं। जलिस्को राज्य (पुएर्तो वालार्ता, चापाला और गुआदलहारा के क्षेत्र), तमाउलिपास राज्य (रेयनोसा और अन्य नगरपालिकाओं के क्षेत्र), मिचोआकान राज्य के क्षेत्र, गुएरेरो राज्य और नुएवो लियोन राज्य में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सुरक्षित स्थानों पर रहने का परामर्श दिया जाता है।

## किम जोंग उन फिर सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष पद पर निर्वाचित, परमाणु कार्यक्रम पर रहेगा जोर



**सियोल, भाषा।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के शीर्ष पद पर फिर से निर्वाचित किया गया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने देश के परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का श्रेय किम को दिया। गत बृहस्पतिवार से शुरू हुई पार्टी कांग्रेस में किम अगले पांच वर्षों के लिए अपने प्रमुख राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। संकेत मिल रहे हैं कि वह परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने पर जोर देंगे। उत्तर कोरिया के पास पहले से ही ऐसी मिसाइल मौजूद हैं जो एशिया में अमेरिकी सहयोगियों और अमेरिकी मुख्य भूमि तक को निशाना बना सकती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि किम पारंपरिक सैन्य बलों को मजबूत करने और उन्हें परमाणु क्षमताओं के साथ एकीकृत करने के नए लक्ष्य घोषित कर सकते हैं। साथ ही वह चीन के साथ व्यापार में सुधार और रूस को हथियार निर्यात से मिली आर्थिक बढ़त के बीच आत्मनिर्भरता अभियान पर भी पुनः जोर दे सकते हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि हजारों प्रतिनिधियों की एकमत इच्छा से किम को पार्टी का महासचिव चुना गया। वर्ष 2016 से हर पांच वर्ष में आयोजित इस कांग्रेस में शीर्ष नेता का चुनाव होता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि किम दक्षिण कोरिया के प्रति अपने कड़े रुख को और संस्थागत रूप दे सकते हैं।


### स्वास्थ्य समीक्षा: प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं शरीर के ऊतकों और अंगों पर हमला करने लगती

# सेप्सिस के कारण हाथ पैर खो चुकी भारतीय मूल की महिला अब इस बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाएगी

» लंदन, भाषा।

**इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में भारतीय मूल की 56 वर्षीय महिला के दोनों पैर और दोनों हाथ पिछले साल जुलाई में सेप्सिस की वजह से काटने पड़े थे और अब यह महिला सेप्सिस के खतरों को लेकर जागरूकता फैला रही है। मंजीत सांघा को पिछले वर्ष जुलाई में सेप्सिस हो गया था। संक्रमण के कारण उनके दोनों पैरों को घुटनों के नीचे से तथा दोनों हाथों को काटना पड़ा। चिकित्सकों का मानना है कि सेप्सिस का संक्रमण किसी मामूली कारण, जैसे पालतू कुत्ते द्वारा किसी छोटे घाव या खरोंच के जख्म को चाटने से भी हो सकता है।**

बर्मिंघम स्थित अस्पताल से बुधवार को छुट्टी मिलने से पहले मंजीत और उनके पति कमलजीत सांघा की मदद के लिए शुरू किए गए गो फंड मी ऑनलाइन अभियान के माध्यम से 30,000 पाउंड से अधिक राशि जुटाई जा चुकी है। मंजीत ने बीबीसी से कहा, कम समय में अपने हाथ-पैर खो देना बहुत बड़ी बात है। यह बेहद गंभीर है और इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह दूसरों को चेतावनी देना चाहती हैं क्योंकि यह किसी के साथ भी हो सकता है। पूर्व फार्मेसी कर्मचारी मंजीत पिछले वर्ष जुलाई में एक शाम काम से घर लौटीं तो अस्वस्थ महसूस कर रही थीं और अगली सुबह तक बेहोश हो गई।



उनके हाथ-पैर बर्फ जैसे ठंडे थे, होंठ नीले पड़ गए थे और उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में उनके हृदय की धड़कन छह बार रुकी। हालत बिगड़ने पर उनके दोनों पैर और दोनों हाथ काटने पड़े। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें सेप्टिक शॉक तथा डिसेमिनेटेड इंट्रावैस्कुलर कोएगुलेशन (डीआईसी) की समस्या है जो रक्त के असामान्य थक्के बनने की दुर्लभ और जानलेवा स्थिति है। उनकी जीवित रहने की संभावना बहुत कम बताई गई थी। उनके 60 वर्षीय पति ने कहा, वह सबसे मजबूत इंसान हैं जिन्हें मैं जानता हूं। हर बार जब मुझे लगा कि मैं उन्हें खो चुका हूं, वह लड़कर वापस आईं। अब हमारी बारी है कि हम उनके लिए लड़ें। कमलजीत ने पत्नी की देखभाल के लिए सात महीने से काम से अवकाश ले रखा है। जुटाई गई राशि उन्नत कृत्रिम अंगों, घर में आवश्यक अनुकूल बदलाव, फिजियोथेरेपी, मानसिक स्वास्थ्य सहयोग और पुनर्वास पर खर्च की जाएगी। मंजीत की देखभाल में सीधे उपयोग न होने वाली राशि पॉजिटिव बोन्स नामक संस्था को दान की जाएगी, जो अंग-विहीन व्यक्तियों को सशक्त बनाने का कार्य करती है। सेप्सिस एक गंभीर चिकित्सीय स्थिति है, जो तब उत्पन्न होती है जब संक्रमण से लड़ने वाली शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं शरीर के ऊतकों और अंगों पर हमला करने लगती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के अनुसार इसके लक्षणों की पहचान कठिन हो सकती है, जिनमें अस्पष्ट बोलना, अत्यधिक ठिठुरन या मांसपेशियों में दर्द, गंभीर सांस फूलना और त्वचा का धब्बेदार होना या रंग बदलना शामिल हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com